चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 259, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 18 अक्टूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### ना बच्चे गोद लेने का अधिकार, ना समलैंगिक विवाह को मिली कानूनी मान्यता, मामले पर जजों ने बंटा हुआ फैसला सुनाया

# समलैंगिक विवाह को नहीं मिली 'सुप्रीम' मान्यता

**नई दिल्ली**

**सेम सेक्स** मैरिज यानी समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया। सीजेआई ने अपना फैसला सुनाते हुए समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया।

सीजेआई ने कहा कि कोर्ट का मानना है कि संसद को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मामले में फैसला करना चाहिए। इस मामले पर पांच जजों की पीठ ने सुनवाई की। इस मामले पर जजों ने बंटा हुआ फैसला सुनाया। पांच जजों की पीठ में मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल थे।

बच्चे गोद नहीं ले सकते हैं समलैंगिक जोड़ेः समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद नहीं ले सकते हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल ने अपने फैसले में कहा कि समलैंगिक जोड़े को बच्चे गोद लेने का अधिकार है। वहीं, जस्टिस एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा ने इस पर आपत्ति जताई। इस मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने कहा,"हम समलैंगिक व्यक्तियों के अधिकारों पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों समेत एक समिति गठित करने के केंद्र के सुझाव को स्वीकार करते हैं। समिति इस बात पर विचार करेगी कि क्या समलैंगिक जोड़े को राशन कार्ड, साझा बैंक अकाउंट बनाने , पेंशन में नॉमिनी बनने जैसे अधिकार दिए जा सकते हैं या नहीं।"




## आगे भी लड़ते रहेंगे: याचिकाकर्ता

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। दरअसल, कोर्ट में पांच जजों की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही थी, जिसके बाद 3-2 पर जाकर फैसला अटक गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 जजों की बेंच ने इस मामले में 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर याचिकाकर्ताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है।

'आगे भी लड़ते रहेंगे': याचिकाकर्ताओं में से एक कार्यकर्ता अंजलि गोपालन का कहना है, "हम लंबे समय से लड़ रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। गोद लेने के संबंध में भी कुछ नहीं किया गया, गोद लेने के संबंध में सीजेआई ने जो कहा वह बहुत अच्छा था लेकिन यह निराशाजनक है कि अन्य न्यायाधीश सहमत नहीं हुए। यह लोकतंत्र है, लेकिन हम अपने ही नागरिकों को बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रहे हैं।"

कानून बनाना संसद का काम

समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 21 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि अदालत कानून नहीं बना सकती बल्कि केवल इसकी व्याख्या कर सकती है और विशेष विवाह अधिनियम को बदलना संसद का काम है।

यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाएः सीजेआई

इस मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक लोगों के साथ उनके यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाए। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत के कानून बनाने का अधिकार नहीं है, लेकिन कानून की व्याख्या कर सकता है।

### 'कई टिप्पणियां हमारे पक्ष में'

**कार्यकर्ता** हरीश अय्यर ने कहा, "हालांकि अंत में, फैसला हमारे पक्ष में नहीं था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई कई टिप्पणियां हमारे पक्ष में थीं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार पर डाल दी है और केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल ने हमारे खिलाफ बहुत सारी बातें कही हैं।" उन्होंने कहा, "इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी चुनी हुई सरकार, सांसदों और विधायकों के पास जाएं और उन्हें बताएं कि हम दो लोगों की तरह अलग हैं। लड़ाई चल रही है, इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन हमें सामाजिक समानता मिलेगी" विवाह समानता मामले में कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने कहा, "भले ही विवाह का अधिकार नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा है कि अधिकारों दूसरे विवाह में जोड़े को जो भी अधिकार मिलते हैं, वहीं अधिकार समलैंगिक जोड़ों को भी मिलन चाहिए।" सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदीश अग्रवाला ने कहा, "मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं, जहां उन्होंने समलैंगिक विवाह की इजाजत नहीं दी है।" वकील करुणा नंदी ने कहा, "आज कुछ ऐसे मौके थे, जहां कोर्ट ने कई फैसले केंद्र पर छोड़ दिए हैं और समलैंगिक विवाह को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। मैं यह भी कहूंगी कि कांग्रेस और राज्यों में सत्ता में मौजूद अन्य सरकारों के पास चिकित्सा निर्णय लेने के लिए साझेदार के अधिकारों की मान्यता को कानून में लाने के कई अवसर हैं।

# पीएम ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की

### 2040 में चांद पर पहला भारतीय, 2035 में भारतीय स्पेस स्टेशन बने: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारत के गगनयान मिशन की प्रगति का आकलन करने और अंतरिक्ष अन्वेषण के भारत के प्रयासों के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने से संबंधित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अंतरिक्ष विभाग ने ह्यूमन-रेटेड लॉन्च व्हीकल और सिस्टम क्वालिफिकेशन जैसी अब तक विकसित की जा चुकी विभिन्न प्रौद्योगिकियों सहित गगनयान मिशन का व्यापक



विवरण प्रस्तुत किया। इस बात पर गौर किया गया कि ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल (एचएलवीएम3) के 3 अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है। क्रू एस्केप

## विधायकों की अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को आखिरी मौका

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय से संतुष्ट नहीं है।

कोर्ट ने उनसे जल्द से जल्द मामले में फैसला लेने के लिए कहा है। इस बीच सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि वह दशहरा की छुट्टियों के दौरान व्यक्तिगत रूप से महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष से बातचीत करेंगे।

# टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में होगा भारत: मोदी

### पीएम मोदी ने दिया मंत्री, बोले- 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर वर्ल्ड'




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 का उद्घाटन किया। मालूम हो कि यह समिट का तीसरा संस्करण है। इस संस्करण का आयोजन मुम्बई के मैदान में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन में पीएम मोदी ने कहा, "ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण में मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले जब हम 2021 में मिले थे, तब पूरी दुनिया कोरोना की अनिश्चितता से घिरी हुई थी। कोई नहीं जानता था कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा, लेकिन आज दुनिया में एक नया आकार ले रहा है।" पीएम मोदी ने पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वो दिन अब दूर नहीं है, जब भारत, दुनिया के टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा, "इस बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में से एक होगा।" इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों से हम इस सेक्टर को सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। हाल ही में भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की मैरीटाइम इंडस्ट्री के कायाकल्प का सामर्थ्य रखता है।

## राष्ट्रपति वीरता पदक को लेकर बड़ा बदलाव, अब इस नाम से जाना जाएगा; तत्काल प्रभाव से लागू होगा फैसला

**नई दिल्ली**

**पुलिस,**अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा, सुधार सेवा के लिए मिलने वाले मौजूदा राष्ट्रपति वीरता पदक में बड़ा बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार मौजूदा राष्ट्रपति वीरता पदक को एक ही पदक में विलय कर दिया है। अब इन सभी को 'वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक' से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति वीरता पदक के बारे मेंः राष्ट्रपति का वीरता के लिए पुलिस पदक (पीपीएमजी) और वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी); जीवन और संपत्ति को बचाने या अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने में विशिष्ट वीरता के प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाता है। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) पुलिस सेवा में उत्कृष्ट रिकॉर्ड के लिए प्रदान किया जाता है तथा सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएम) संसाधन और कर्तव्य के प्रति समर्पण आधारित मूल्यवान सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

# भाजपा चाहती है हर फैसला दिल्ली में हो: राहुल गांधी

**आइजोल**

**कांग्रेस सांसद राहुल** गांधी मिजोरम के आइजोल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अधिकतर भाजपा नेताओं के बच्चे वंशवादी हैं। अमित शाह का बेटा तो क्रिकेट चला रहा है। वहीं, उन्होंने कहा कि वह विकेंद्रीकरण चाहते हैं, लेकिन भाजपा इसके खिलाफ है। राहुल गांधी ने पत्रकारों से पूछा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे तमाम भाजपा नेताओं के बच्चे क्या कर रहे हैं? आखिरी बार सुना था कि अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट चला रहा है। उन्होंने कहा, अनुराग ठाकुर जैसे तमाम भाजपा के बच्चे वंशवादी



हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मिजोरम के लोगों को संदेश देना चाहते हैं, वो बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के पास एक कार्यक्रम है, एक रिकॉर्ड है। बाकी दोनों पार्टियां जेडपीएम और एमएनएफ भाजपा और आरएसएस के राज्य में प्रवेश करने के लिए हथियार हैं। उन्होंने कहा, ह्यजब हम संस्कृति, धर्म पर हमले की बात करते हैं, तो उस हमले के साधन भाजपा-आरएसएस और वे दल हैं जो उन्हें राज्य में प्रवेश करने की अनुमति देते हैं। राहुल गांधी ने आइजोल में कहा कि इंडिया गठबंधन देश के 60 फीसदी हिस्से का प्रतिनिधित्व कर रहा है। गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और स्वतंत्रता की रक्षा करके भारत के विचार की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा आपकी मान्यताओं की नींव के लिए खतरा है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं। जबकि भाजपा का मानना है कि सभी फैसले दिल्ली में होने चाहिए। वहीं, आरएसएस का मानना है कि भारत को एक विचारधारा, संगठन द्वारा शासित होना चाहिए।

# एमपी: कांग्रेस का घोषणापत्र जारी

### हिलाओं से नारी सम्मान, युवाओं से भर्ती आयोग और कानून का वादा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/भोपाल**

**मध्यप्रदेश वि**धानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया है। इसे वचन पत्र का नाम दिया गया है। घोषणा-पत्र में किसानों की कर्जमाफी, महिला सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को लेकर बड़े वादे किए गए हैं। 106 पन्ने के वचन पत्र में 59 घोषणाएं शामिल की गई हैं। मंगलवार को कांग्रेस ने वचनपत्र के नाम से आगामी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। अपने घोषणा-पत्र में कांग्रेस ने 'कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी' का नारा भी दिया है। 106 पन्ने के वचनपत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए




59 बिंदुओं पर जोर दिया गया है।

किसानों के लिए क्या?

कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में किसान वर्ग को पहले जिक्र किया है। तीन से 13 पन्नों तक किसान वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं शुरू करने की बातें की गई हैं। जय किसान फल ऋण माफी योजना में किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण माफ किए जाएंगे। कृषक न्याय योजना में गेहूं 2600 रुपये/क्विंटल और धान 2500 रुपये/क्विंटल से कम के दाम पर नहीं खरीदा जाएगा।

इंदिरा किसान ज्योति योजना शुरू की जाएगी, जिसमें सिंचाई के लिए पांच हार्स पावर तक फ्री बिजली दी जाएगी। मेरा तालाब मेरा खेत, मेरा कुंआ मेरा खेत, मुख्यमंत्री नाला सिंचाई योजना एवं किसान सरोवर कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस** संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने 16 अक्टूबर को ईडी से पूछा था कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप तय करने पर अब तक बहस शुरू क्यों नहीं हुई। किसी को इस तरह आप जेल में नहीं रख सकते। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि हम आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपित बनाने पर विचार कर रहे हैं। पहले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी पर बड़े सवाल उठाते हुए पूछा था कि सरकारी गवाह के बयान पर कैसे भरोसा करेंगे। क्या ये बयान कानून



में स्वीकार्य होगा। क्या ये कही सुनी बात नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि सब सबूतों के आधार पर होना चाहिए वरना जिरह में ये केस दो मिनट में गिर जाएगा। सुनवाई के दौरान 5 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि सिसोदिया को पैसे मिलने का कोई सबूत नहीं है। विजय नायर से सिसोदिया का कोई संबंध नहीं था। नायर पार्टी का कार्यकर्ता था और वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। उन्होंने कहा कि सिसोदिया 26 फरवरी से जेल में हैं।

सुनवाई के दौरान ईडी ने सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि नीति पारदर्शी होनी चाहिए थी। जबकि शराब नीति के तहत पैसा कमाने के लिए षड्यंत्र रचा गया, पैसा लेकर छूट मुहैया कराई गई। ईडी ने कहा कि एक तरफ यह लोग पॉलिसी में बदलाव कर रहे थे वही दूसरी तरफ विजय नायर शराब व्यापारियों से मुलाकात कर रहे थे

और रिश्वत ले रहे थे। विजय नायर द्वारा सीधे तौर पर रिश्वत की मांग की गई। ईडी ने कहा था कि विजय नायर मनीष सिसोदिया के इशारे पर काम कर रहा था। सुनवाई के दौरान 4 अक्टूबर को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पूछा था कि जिस राजनीतिक दल को कथित तौर पर फायदा पहुंचा, उसे आरोपित क्यों नहीं बनाया गया।

## औद्योगिक क्षेत्र की महिलाओं के लिए खुली पहली प्रेरणा कैंटीन

**लखनऊ/कानपुर। उत्तर प्रदेश में** मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान के साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने अब सेफ औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं के लिए प्रेरणा कैंटीन खोलने की पहल की है। इसी क्रम में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के औद्योगिक क्षेत्र रुरा, कानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं के लिए प्राधिकरण द्वारा पहली प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इस पहल के माध्यम से ने सिर्फ महिलाओं को पोशाक और स्वादिष्ट भोजन मिलेगा, बल्कि बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा।

# मोदी जनित महंगाई से राहत 'विदाई' के बादः कांग्रेस

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने प्रधानमंत्री** मोदी पर गरीब जनता की परेशानियों को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने आवश्यक वस्तुओं की 'आसमान छूती' कीमतों को लेकर मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी ने दावा किया कि बढ़ती कीमतों के कारण गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन दयनीय हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, आर्थिक मोर्चे पर मिल रही चुनौतियों के कारण हालात नाजुक हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी कोई चिंता नहीं है।

'आंकड़ों की आड़ में धोखा देना बंद करें'

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री को "आंकड़ों के माध्यम से लोगों को धोखा देना बंद करना चाहिए और सेवानिवृत्ति ले लेनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पद छोड़ने के बाद ही देश को "मोदी निर्मित मुद्रास्फीति" से राहत मिलेगी।

निगेटिव मुद्रास्फीति पर जयराम रमेश का तीखा सवालः गौरतलब है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में भी निगेटिव दर्ज की गई। लगातार छठे महीने (-)0.26 प्रतिशत पर नकारात्मक मुद्रास्फीति के बीच कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। तीखे सवालों के लिए मशहूर जयराम रमेश ने पूछा, ऐसा क्यों है कि जब आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं तो थोक महंगाई दर आंकड़ों में घटती दिख रही है?

दाल-दूध की कीमतें आसमान छू रही हैं,



त्योहारी सीजन फीकाः सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- 'एक्स' पर एक पोस्ट में जयराम रमेश ने कहा, "बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन दयनीय बना दिया है, लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी कोई चिंता नहीं है।" उन्होंने दावा किया, "दाल और दूध जैसी रोजमर्रा की जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिसके कारण यह त्योहारी सीजन भी फीका साबित हो रहा है।" कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, अब समय आ गया है कि मोदीजी को आंकड़ों के जरिए लोगों को धोखा देना बंद कर देना चाहिए। उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की विदाई के बाद ही देश को मोदी जनित महंगाई से राहत मिलेगी।

भाजपा की नीतियों पर कांग्रेस के गंभीर सवालः गौरतलब है कि कांग्रेस भारत की अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके को लेकर सरकार पर नियमित अंतराल पर हमले कर रही है। बढ़ती बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि पर चिंता जताते हुए कांग्रेस नेताओं ने पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ भाजपा की नीतियों को कठघरे में खड़ा किया है।

# अंतर मंत्रालयी समूह का किया गया गठन

### जलवायु परिवर्तन को सुधारने के लिए भारत का कदम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वैश्विक जल**वायु के प्रति भारत कितना सजग है कि इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत ने वैश्विक जलवायु कार्यों में तेजी लाने के लिए अंतर मंत्रालयी समूह का गठन किया है। समूह पांच मुद्दों शमन, अनुकूलन, हानि और क्षति, जलवायु वित्त और पेरिस समझौते पर चर्चा करेगा। विस्तृत चर्चा करने के लिए प्रत्येक विषय के लिए एक-एक पांच उप-समूह बनाए गए हैं। सूत्रों ने मुताबिक, प्रत्येक उप-समूह में संयुक्त सचिव स्तर के पांच से छह अधिकारी हैं। सूत्रों के मुताबिक अगस्त में गठित जलवायु परिवर्तन पर अंतर मंत्रालयी समूह में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और आर्थिक मामलों के विभाग सहित सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों के सदस्य शामिल हैं। दिसंबर में दुबई में वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में देश इस बात पर आम सहमति बनाने का प्रयास करेंगे कि किसे योगदान देना चाहिए और हानि और क्षति निधि के लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) की एक प्रस्तुति में भारत ने कहा कि फंड तक पहुंच के लिए पात्रता मानदंड स्थापित करने के लिए अत्यधिक उत्सर्जन करने वाले देशों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी को स्वीकार करना चाहिए और उन देशों को उचित मुआवजा प्रदान करें जो अभी भी उनके उचित हिस्से के भीतर हैं।

# आपरेशन के बाद इलाज के दौरान विवाहिता की मौत आक्रोशित परिजनों ने घंटो चक्का जाम लगाया

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** झोलाछाप डॉक्टर पर नकेल कसने के लिए सरकार दावा करती रही है। लेकिन झोलाछाप डॉक्टर प्रेक्टिस करने से बाज नहीं आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने सोमवार को एक महिला की जान ले ली है। जिससे आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को गरिमा हॉस्पिटल के सामने मांडा रोड- भारतगंज मुख्य मार्ग पर शव रख कर सुबह से दोपहर ढाई बजे तक चक्का जाम कर रखा था। पीड़ित परिजनों के द्वारा किए गए मांग को पूरा करने के लिए मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय संधू ने उच्चाधिकारियों को सूचना दिया।जानकारी पर एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से वार्ता कर किए गए मांग को स्वीकार करते हुए समझा बुझाकर थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा को तत्काल कार्यवाही करने की बात कहा। उक्त बातें सुनकर परिजनों ने चक्का जाम को खोल दिया और लोगों के साथ वाहनों का आवागमन शुरू



हो गया। बतादे कि 28 वर्षीय रंगीता देवी नामक महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन 15 अक्टूबर को भारतगंज गरिमा हॉस्पिटल के संचालक ने अपने सम्बंधित मीरजापुर जनपद के जिगना थाना क्षेत्र में स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल में आपरेशन कराने के बाद पुनः भारतगंज गरिमा हॉस्पिटल लाया गया जहां उनकी तबीयत बिगड़ने पर फिर दिखाने के लिए आशीर्वाद हॉस्पिटल ले गए जहां कि डाक्टरों ने इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ता गया। विवाहिता की गम्भीर हालत देख उसे प्रयागराज के लिए ले जाने लगे तब तक उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। उक्त घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका रंगीता देवी के भाई शिव सहाय मौर्य ने बताया कि गरिमा हॉस्पिटल भारतगंज में अनीता देवी पत्नी उमाशंकर मौर्य निवासी बघौरा खवासन थाना मांडा को डिलीवरी मामले में भर्ती किया था दोनों जच्चा बच्चा स्वस्थ और ठीक रहे उक्त बात विश्वास पर मेरी बहन रंगीता देवी इलाज के लिए हॉस्पिटल गई वहीं गरिमा हॉस्पिटल के संचालक ने बहला फुसलाकर उन्हें अपने संबंधित मिजार्पुर जनपद के जिगना थाना अंतर्गत बिहसड़ा बाजार स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल में बच्चेदानी का आपरेशन कराया फिर अपने हास्पिटल भारतगंज में लाया। पुनः तबीयत खराब होने पर उन्हें इस आशीर्वाद हॉस्पिटल में ले जाया जहां के डॉक्टरों ने महिला का हालत गंभीर देख बाहर के लिए निखत कर दिया वही बहन की रास्ते में ही मौत हो गई। गुप्त घटना की जानकारी पर हम सभी अवाक हो गए और घर में कोहरा मच गया।

## मृतका अपने पीछे तीन मासूम बच्चे को छोड़ गई



**मांडा।** मृतका रंगीता देवी 28 ने अपने दो बेटी रिया 8वर्ष, रितु 6 वर्ष व बेटा आर्यन 4 साल को छोड़ कर आसमा में समा गई। मां की मौत पर दोनों बेटियों के आंख से आसू नहीं बह रहा था। उक्त बेटियो की नजारा देख परिजनों के आंखे नम हो गईं और सभी ने कहा कि इन दोनों के दिल पर पत्थर का चट्टान खड़ा कर आसू को बहना बंद कर दिया है। मृतका रंगीता देवी की भाई के राधिका मौर्य ने गरिमा हॉस्पिटल द्वारा संचालित हर्ष अल्ट्रासाउंड सेंटर भरारी मांडा सीएचसी के सामने सेन्टर पर पर्ची काटने का काम करती है जो महावीर शिव कैलाश महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। जो अपने हैं खर्च के लिए पार्ट टाइम में उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर पर काम किया करती है और महिलाओं को इलाज के लिए सलाह दिया करती थी।

**पति के तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

**मांडा।** मृतका के पति विधि नारायण निवासी नेवड़िया थाना कोरांव ने मांडा थाना में तहरीर देकर बताया कि गरिमा हॉस्पिटल के प्रबंधक गीता जैसल व उनके पति ओम प्रकाश जैसल पर आरोप लगाया कि बिना डिग्री लिए ही अवैध तरीके से हॉस्पिटल संचालित करते है और नर्शो को कमीशन की लालच देकर अपने हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती करते है। पति तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया है।

# नवरात्रि के तीसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शारदीय नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन मंगलवार को देवी मंदिरों,दुर्गा पंडालों में मां चंद्रघंटा के स्वरूप का पूजा कर आरती की गई। वहीं हाथों में नारियल और चुनरी चढ़ाने के लिए सुबह और शाम को मंदिरों में पहुंचे। श्रद्धालु भक्त व साधक अनेक प्रकार से भगवती की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए व्रत-अनुष्ठान व साधना करते दिखाई दिए।वहीं इस दौरान महिलाओं ने देवी गीत गाए। जिसमें सैकड़ों लोगों ने मां के दरबार में शीश नवाकर मां चंद्रघंटा का आशीर्वाद ग्रहण किया। इसी क्रम में मेजा स्थित भारतीय स्टेट बैंक कैंपस में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के समक्ष मुख्य यजमान सपत्नीक राजू केशरी को आचार्य जीतनारायण शुक्ल ने विधि विधान से पूजा वंदना कराई।आचार्य ने बताया कि नवरात्रि का तीसरा दिन साहस और आत्मविश्वास पाने का है। इस दिन हर तरह के भय से मुक्ति भी मिल सकती है। इस दिन माता चन्द्रघण्टा की पूजा की जाती है। जिन लोगों की कुंडली में मंगल कमजोर होता है, उनके लिए माता चंद्रघंटा की पूजा विशेष होती है। नवरात्रि के तीसरे दिन विशेष साधना से व्यक्ति निर्भय हो जाता है।उन्होंने बताया कि मां चंद्रघंटा के माथे पर अर्धचंद्र सुशोभित है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनके दसों हाथों में अस्त्र शस्त्र हैं और इनकी मुद्रा युद्ध की मुद्रा है। इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति पराक्रमी और निर्भय हो जाता है और स्वभाव में विनम्रता आती है। आयोजक मंडल में पंकज मोदी,सक्षम श्रीवास्तव, पाली केशरी, मुकेश मोदनवाल, शनि गुप्ता, हिमांशु मोदनवाल अजय यादव आदि का विशेष योगदान है।

# उच्च प्रा. विद्यालय सुजौना में बाल संसद का गठन

## रागिनी प्रधानमंत्री विभा शिक्षा मंत्री निर्वाचित






**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में बाल संसद का निर्वाचन प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ।सुबह सभी पदों के लिए नामांकन हुआ।नामांकन पत्रों की जांच के बाद मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई।जूनियर हाईस्कूल के सभी बच्चों ने मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी ने मतदान पेटिका में मत डाले। उसके बाद मतों की गणना की गई जिसमें अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रागिनी यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनुराग को सात मतों से पराजित किया। रागिनी को 40 मत अनुराग को 33 मत व सुमित को 14 मत प्राप्त हुए। शिक्षा मंत्री पद पर विभा केसरवानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रौनक को 6 मतों से पराजित किया। विभा को 34 व रौनक को 28 मत मिले। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री आशीष कुमार पटेल,जल एवं कृषि मंत्री उत्कर्ष यादव, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री श्रद्धा केसरवानी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री तनु आदिवासी निर्वाचित हुई। पीठासीन अधिकारी भारतेन्द्र त्रिपाठी प्रथम मतदान अधिकारी जितेन्द्र कुमार शर्मा, द्वितीय मतदान अधिकारी अमर दीप चौधरी, तृतीय मतदान अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया। निर्वाचन के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रजनीकांत पांडेय, अरविंद कुमार सिंह, शिशिर जायसवाल, राकेश कुमार पूनम तिवारी ने बाल संसद के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता सत्यमेव जयते में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## उत्कृष्ट छात्र एवं छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** प्रयागराज मंगलवार को एसजीएम कान्वेंट स्कूल करछना में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के नौनिहाल छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया, गंधर्व लोक प्रयाग द्वारा आयोजित कमलेश कुमार भट्ट स्मृति जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सत्यमेव जयते का आयोजन करछना स्थित एस जी एम कान्वेंट में मंगलवार को किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार सिंह के अनुसार स्मृद्धि प्रथम माही द्वितीय रोली प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं।बेबी शो में आशी प्रथम सौम्या द्वितीय सूर्यांश तृतीय अनम को सांत्वना पुरस्कार मिला। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में फि रदौस प्रथम सुकृति द्वितीय रोली तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में रानी को प्रथम वैशाली को द्वितीय अनन्या को तृतीय पुरस्कार मिला। क्राफ्ट में तपिशजहा को प्रथम प्रिया को द्वितीय आराध्या को तृतीय पुरस्कार मिला।कला में अहमद को प्रथम अथर्व प्रताप को द्वितीय सौर्य यादव, आर्या यादव, अस्मिता को तृतीय पुरस्कार मिला। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावकों के साथ ही गंधर्व लोक प्रयाग के निदेशक राकेश कुमार सिंह आशुतोष सिंह, अखिलेश सिंह, अवंतिका, दर्शिका, दीपांशी, पूजा आदि बड़ी संख्या में स्कूल के नौनिहाल छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# औद्योगिक क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 4 के तहत एन्टी रोमियो टीम के द्वारा कार्यक्रम चलाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र अन्तर्गत प्रयाग विधि महाविद्यालय नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 4 के तहत एन्टी रोमियो टीम के द्वारा कार्यक्रम चला कर बालिकाओं को नारी सुरक्षा एवं सम्मान, गुड टच बैड टच, साइबर फ्राड व महिला संबंधी अधिकार के संबंध में जागरूक किया गया तथा पुलिस हेल्प लाइन नंबर, चाइल्ड केयर नंबर, साइबर हेल्प लाइन नंबर व अन्य आपातकालीन नंबर जैसे 102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098 से अवगत कराते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रबंध निदेशक इंजीनियर आशीष त्रिपाठी विधि प्राचार्य डॉ मुहम्मद जफर एवं सुशील कुमार शुक्ला के अलावा समस्त छात्र-छात्राएं एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे एंटी रोमियो टीम मे कमलेश गिरि, चौकी प्रभारी ओमैक्स सिटी (एन्टी रोमियो प्रभारी) म. का. आरती देवी म. का. प्रेमलता म. का. रेखा देवी म. का. रोली यादव आदि रहे।

# लोक विधाओं को संजोने के साथ ही फूहड़ता भरे गानों से परहेज करें संगीत प्रेमी

**अखंड भारत संदेश**



**फूलपुर।** आज के इस आधुनिक युग में जहां गानों में फूहड़ता कूट कूट कर भरी है वहीं लोक गायक अपने समसामयिक गीतों के माध्यम से उसे बचाने की पुरजोर कोशिश में लगे हैं। सावन भादों के महीने में गाये जाने वाले कजरी गीत,मिजार्पुरी कजरी,चौसर कजरी सोहर आदि गीत विलुप्त से होते जा रहे हैं। जिसका संवर्धन करना युवा गायकों का मुख्य दायित्व है। यह बातें फूलपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव में आयोजित पारम्परिक लोकगीत कजरी में लोक कलाकारों व श्रोताओं को संबोधित करते हुए लोककला महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चन्द्र यादव ने मंगलवार को कही। फूहड़ता भरे गानों से संगीत प्रेमियों को दूर रहने की अपील करते हुए उन्होंने कहा की लोक विधाओं को संजोए रखने के लिए अश्लील गानों से दूरी बनाना जरूरी है। लोककला महासंघ के जिलाध्यक्ष गुलाब चंद्र मौर्य ने कहा कि अपनी लोक कलाओं को जीवन्त रखने के लिए अपने पारम्परिक गीतों को संजोना होगा तभी भारतीय संस्कृति की सभ्यता व उन गीतों से मिलने वाले ज्ञान को बचाया जा सकता है। इस दौरान कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से वर्षो पहले बनने वाले माहौल की याद दिला दी। इस मौके पर लोक कलाकारों को सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोककला महासंघ के प्रदेश प्रभारी दीपचंद्र प्रजापति,रामचन्द्र तूफानी, सुमित्रानंदनी, सरिता सिंह, कृष्ण राज, अन्तिमा, राम अभिलाष विश्वकर्मा, लालमणि निर्मल, नरसिंह बहादुर, प्रिया, कुंवर बहादुर, देशराज, स्वेता, आशीष कुमार विश्वकर्मा, शशि कला,राज बहादुर, चांद बाबू, शोभनाथ, धर्मेन्द्र, गुरूदीन, अशोक, लक्ष्मीकांत, भुल्लन, राम बहादुर, राकेश, लाल चन्द्र सहित दर्जनों लोक गायक और श्रोता मौजूद रहे।

# रिंग रोड का सॉइल टेस्टिंग के साथ कार्य शुरू, वाहनों का राह होगा आसान

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** प्रयागराज में बनने वाले रिंग रोड का कार्य शुरू हो गया है। जाम के झाम से निजात मिलने के साथ वाहनों एवं लोगों का राह आसान हो जाएगा। सहसों के समीप कसगांव खोदायपुर में सॉइल टेस्टिंग के साथ रिंग रोड का कार्य शुरू हो गया है। जिसके लिए सॉइल टेस्टिंग लैब एवं सड़क बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर की देखरेख में मानक के अनुसार बनने वाले फ्लाईओवर ब्रिज एवं पिलर के लिए मिट्टी की जांच की जा रही है। ओवरब्रिज पिलर कार्य के लिए सॉइल टेस्टिंग का कार्य लखनऊ की कंपनी अरुण लैब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में सुपरवाइजर अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि मानक के अनुसार पिलर बनाने के पूर्व सॉइल टेस्टिंग की जाती है। जिससे प्रयागराज में रिंग रोड यानी साउदर्न ग्रीन फील्ड बाईपास का कार्य नोएडा की कंपनी ओ यस यस द्वारा 15 किलोमीटर की दूरी तक कसगांव, खोदायपुर से प्रारंभ होकर नीबीं कला उपहार तक बनाए जाने के लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है। कंपनी के इंजीनियर मुनीष कुमार ने बताया कि किसान की फसल जैसे-जैसे कटती जाएगी वैसे वैसे सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा। वर्तमान समय में नेशनल हाईवे को पार करने के लिए फ्लाईओवर शुरू किया जाएगा। जिसके लिए मिट्टी की जांच के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसे लैब में भेज कर टेस्टिंग के बाद ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। रिंग रोड निर्माण की प्रकिया शुरू होने पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, पिंटू द्विवेदी, संदीप दुबे, शिवनारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान बहादुर सिंह आदि लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसके बन जाने से लोगों को जाम के झाम के होने वाली असुविधा से काफी राहत मिल जाएगा।



विकास के परिप्रेक्ष्य में आम जनता एवं ट्रांसपोर्टरों को रिंग रोड से सुविधा के लिए फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने कहा कि रिंग रोड प्रयागराज में विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। यहां पर जाम की स्थिति काफी खराब थी। केंद्र व प्रदेश की भाजपा शासित सरकार ने रिंग रोड देकर यहां के लोगों के लिए बहुत बड़ा कार्य किया है। अति सराहनीय है इससे जाम में होने वाले छुटकारा के साथ ही पूरे क्षेत्र का विकासोन्मुख होगा।

## न्यूज झरोखा

### सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते



**जंघई।** नवरात्रि के तृतीय दिवस पर जय मां दुर्गा पूजा समिति चनेथू मलियान पंडाल में मां चंद्रघंटा का पूजन अर्चन किया गया।आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन अर्चन आरती कराया गया महिलाओं द्वारा देवी गीत पचरा प्रस्तुत किया गया। शारदीय नवरात्रि में माता रानी के पंडाल में फूलों पत्तों एवं रंग-बिरंगे झालरों से विशेष सजावट की गई है। दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।घरों और मंदिरों में भी कलश स्थापना की गई है, मंदिर एवं पंडाल माता रानी के जयकारों से गूंज उठे।इस अवसर पर चिंतामणि यादव, भगवत यादव, रामनाथ माली, अध्यक्ष सुशील यादव, दयानाथ माली, इंद्रजीत माली, सुनील माली, अनिल माली, प्रियांशु शुक्ला, खुशाल यादव, विशाल यादव, निहाल यादव, सुजील माली सहित तमाम भक्तजन आरती पूजन अर्चन में शामिल रहे।

### शिवपुरी कालोनी में मां के जयकारों से गूंज उठा मां भगवती का पांडाल



जसरा। मंगलवार को शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन जसरा व आसपास के मंदिरों व गांवों में भक्तों द्वारा मां भगवती के तीसरे स्वरूप चंद्र घंटा स्वरूप का विधि-विधान के साथ भक्तों ने पूजन अर्चन किया। जसरा के शिवपुरी कालोनी, जसरा नई बाजार, जसरा पुरानी बाजार, जसरा गांव सहित क्षेत्र के तातारगंज, पचखरा, खटंगिया, सेन्धुवार, परसरा,पांडर सहित दर्जनों गांवों में मां भगवती का पांडाल गुंजायमान हो उठा। पांडाल में आरती के बाद महिलाएं देवी गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर धमाचार्य पंडित जय मिश्र, राजकुमार तिवारी, चन्द्र प्रकाश पांडेय,रविंद्र सिंह, अभय मिश्रा, दीपू पाठक, अम्बुज मिश्रा, विनीत दुबे, आलोक पाठक, शनि शुक्ला, रवि शुक्ला, ज्ञानू, मनीष,अभिषेक, सिद्धान्त, संतोष सिंह, गोलू, अंश, भोले सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

### तीसरे दिन मां के चंद्रघंटा स्वरूप का हुआ पूजन



**जारी।** नवरात्रि के तीसरा दिन जारी बाजार के मंदिरों पंडालों में महिलाओ द्वारा सुबह शाम कीर्तन भजन के साथ-साथ माता का दर्शन व आशीर्वाद ले रही हैं देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ रही। मां चंद्रघंटा के हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष और गदा मौजूद रहता है। जानकार बताते हैं कि उनके सिर पर अर्धचंद्र घंटे के आकार में विराजमान रहता है इसीलिए मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप को चंद्रघंटा का नाम दिया गया है। तो वही मां काली चौरा कमेटी पूजा कर रहे हैं पंडित दीनानाथ द्विवेदी ने बताई मुख्य बातें नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को समर्पित होता है, मां दुर्गा का तीसरा रूप बहुत शक्तिशाली माना जाता है।जगह-जगह मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना हुई है ।और गांवों में भी जग जननी जगदंबा की पूजा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूजा पंडाल भी साज सज्जा के साथ सजाए गए हैं। इस दौरान मंदिर प्रांगण में महिलाएं बच्चों वृद्धों सहित समस्त ग्राम वासी नगर वासी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### गांव में सरकार द्वारा बनाये गए शौचालयों का प्रयोग सामान रखने में किया जारहा है



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के हर गांवों में लगभग घर घर शौचालयों का निर्माण कागजों में हो चुका है। परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और है।आज भी काफी ग्रामीण शौचालय निर्माण करा कर दरवाजा न लगा कर घरेलू सामान रखे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में हर घरों में शौचालयों का निर्माण कागजों में हो चुका है। परन्तु जमीनी हकीकत मौके पर जाने पर सामने आ जाती है। बताया गया है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीणों ने सरकारी सहयोग से शौचालय निर्माण करा लिया है परन्तु आज तक उसे प्रयोग में न लाकर खुले में शौच के लिए जाते हैं। बिना दरवाजे, सीटों के देखावटी शौचालयों में घर की लकडी,कंडी रख कर प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि इस बाबत मऊआइमा विकास खंड के सम्बंधित अधिकारियों का कहना है कि शौचालयों का निर्माण कराया गया है इसके लिए धनराशि भी दी गई।जब परिजन शौचालय में न जाएं तो वह सब क्या कर सकते हैं।

### नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा पंडालों का एसपीओ टीम ने किया निरीक्षण



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में नवरात्र के शुभ अवसर पर नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में पूजा पंडालों को सजाया व संवारा गया है जिसमें बड़ी संख्या में जगह जगह मां दुर्गा की प्रतिमा को रखकर पूजा पाठ किया जाता है नवरात्रि के मौके पर दुर्गा पूजा पंडालों की व्यवस्था को परखने के लिए एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी यशपाल सिंह के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में एसपीओ राम जी जायसवाल के नेतृत्व में दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, राम जी जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, आशीष केसरवानी, समीर खान, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### पीएसी नैनी में धनुष टूटते ही राम की हुई सिया



**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला समिति, श्रमिक बस्ती पीएसी नैनी में रामलीला का शुभारंभ सच्चा बाबा आश्रम की साध्वी संत करुणामई मां विशिष्ट अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार , पार्षद पवन यादव, पार्षद मयंक यादव, हरिकृष्ण तिवारी, अजय श्रीवास्तव ने मयार्दापुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की आरती से की। मुख्य अतिथि ने मानो तो मैं रामायण हूं न मानो...की भक्तिमय संगीत से सभी को सराबोर कर दिया। महापौर ने मयार्दापुरुषोत्तम के आदर्शों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। मंचन के दूसरे दिन सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ और परशुराम आगमन का मंचन हुआ। इस मौके पर पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल आकांक्षा जायसवाल, दिलीप केसरवानी, धर्मराज पटेल, धनंजय सिंह, गुड्डू पांडे, प्रमोद सिंह, रजत दुबे ,रितेश शुक्ला, बुलबुल राव ,सुरेश पटेल, शिव तिवारी, हिमांशु पांडेय, सिद्धार्थ पांडेय आदि मौजूद थे।

# छात्र के निलंबन पर जमकर हंगामा हिरासत में लिए गए पांच छात्र नेता

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आंदोलन करने वाले छात्र के निलंबन के विरोध में मंगलवार को हंगामा हो गया। छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों और छात्रों के बीच नोक झोंक भी हुई। इविवि के सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों पर लाठियां भांजी। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में ले लिया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने निलंबित छात्र हरेंद्र यादव के परिसर में प्रवेश और परीक्षा में शामिल होने पर भी रोक लगा दी है। विश्वविद्यालय में मिड टर्म की परीक्षाएं चल रही हैं। छात्र सुबह परीक्षा देने पहुंचा तो उसे गेट पर ही रोक दिया गया। इस पर छात्रों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प हो गई। छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया और मेन गेट पर ताला लगा दिया।इस बीच चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर राकेश सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और छात्रों को वहां से हटने के लिए कहा। प्रोक्टोरियल बोर्ड की टीम और विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने एक छात्र की पिटाई भी कर दी, जिससे मामला बिगड़ गया। वहां मौजूद पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में ले लिया, जिसमें निलंबित छात्र हरेंद्र यादव भी शामिल है।

## रोडवेज बस में बोरियों में भरा मिला सिक्का

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सवारियों को लेकर जा रही एक रोडवेज बस को पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रोक लिया। पुलिस की चेकिंग से सवारियो में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे मिजार्पुर डिपो की एक बस सवारियों को लेकर प्रयागराज की तरफ जा रही थी। रोडवेज बस मेजारोड बाजार में पहुंची तो मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी मेजारोड विकास कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ बस को रोककर सवारियो को उतारने लगे जिससे हड़कंप मच गया। बस में कुछ संदिग्ध चीज ढूढने लगे। चौकी प्रभारी को जानकारी मिली थी कि रोडवेज बस में गांजा ले जाया जा रहा है। उसी को लेकर पुलिस ने चेकिंग किया। बस को जब मेजा थाने ले जाया गया तो पता चला कि गांजा नहीं बल्कि सिक्के से भरी बोरियां मिलीं। लोगों के मुंह से अनायास ही निकलने लगा की खोदा पहाड़ निकली चुहिया। मामले को लेकर कोतवाल मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया बस में एक -एक रुपए का सिक्का लगभग 30 से 40 किलो पैकेट बोरी में मिला है। सरकारी बस का मामला होने के चलते उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई।

# 30 वर्ष पूर्व प्रयागराज में माफिया डॉन बबलू की हो चुकी है पुलिस से मुठभेड़

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** तमाम न नुकूर के बाद माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव इलाहाबाद की जिला अदालत में पहली बार पेश किया गया। प्रयागराज की आपराधिक दुनिया से उसका रिश्ता नया नहीं है। आठ साल पुराने सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के अपहरण मामले में बयान मुल्जिम दर्ज करवाने आए बबलू श्रीवास्तव की तीस साल पहले जार्ज टाउन पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हो चुकी है, जिसमें उसका साथी राजू भटनागर मारा गया था, लेकिन वह साथी बृजमोहन के साथ फरार होने में कामयाब हो गया था। यह वाकया तीन दशक पहले तब का है, जब यह माफिया डॉन बबलू अपने साथी राजू भटनागर और बृजमोहन के साथ बनारस के एक बड़े व्यापारी के अपहरण की योजना बनाकर लखनऊ से निकला था। इसकी भनक लगने पर लखनऊ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एसएन सिंह पक्का ने इन तीनों का इलाहाबाद तक पीछा किया था। इसके बाद इन तीनों के साथ जार्ज टाउन थाना क्षेत्र में स्थित राजा बेरांव की कोठी के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। उस मुठभेड़ में बबलू का साथी राजू भटनागर मारा गया, लेकिन बृजभूषण के साथ बबलू श्रीवास्तव भागने में कामयाब हो गया। बताया जाता है कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 315 बार की अमेरिकन पिस्टल समेत भारी मात्रा में कारतूस और हथियार बरामद किए थे। जार्ज टाउन थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर जिला अदालत में मुकदमा चला तो बृजमोहन पेश हुआ और पुलिस केस होने का लाभ पाकर बरी हो गया, लेकिन फरार डॉन बबलू श्रीवास्तव की गैर हाजिरी के कारण पत्रावली अलग कर दी गई। तब से उस मामले की पत्रावली किस स्थिति में है किसी को याद नहीं है।

साथी राजू भटनागर हुआ था ढेर



### फाइल की है तलाश, मिली तो फिर खुलेगी

बरहाल, 30 साल पहले उसके साथी राजू भठनागर मुठभेड़ मामले में बहैसियत सरकारी वकील मुकदमा लड़ चुके मौजूदा जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि का कहना है कि अपहरण किंग की उस फाइल की तलाश की जा रही है। अगर फाइल मिली तो फिर से खोली जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की जीरो टोरलेंस की नीति तहत किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले नए हो या पुराने कोई बचेगा नहीं। वह बताते हैं कि लखनऊ से माफिया का पीछा करने वाले आईपीएस एसएन सिंह पक्का की बृजमोहन के मामले में इलाहाबाद आईजी रहते हुए गवाही हुई थी।

# घर का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नकदी पर किया हाथ साफ

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** थाना पुलिस कोराव अंतर्गत ग्राम हनुमानगंज पेतिहा में बीती रात निडर चोरों ने अरुण कुमार पुत्र शिवमणि यादव के घर घुस कर चोरी के उद्देश्य से पूरा घर खंघाले और पर्स में रखे मकान निर्माण के लिए रखे 50 हजार रूपया नकदी उठा ले गए। और जेवरात के चक्कर में घर के औरतों के संदूक इत्यादि भी ले जा कर जंगल के किनारे विधिवत तोड़ ताड़ कर ले लिए और मौके पर गृहस्थी के कुछ सामान छोड़ गए। चोरों ने पहले योजना पूर्वक घर में सामने जल रहे बिजली के तार को नस्ट किया फिर अंधेला किया और ताला तोड़ कर घर में बेखौफ घुस कर तब घटना को अंजाम दिए। घटना की जानकारी होने पर घर वालों ने पुलिस को सूचना दी,घटनास्थल पर 100 नंबर की पुलिस गई और थाने पर एफआईआर के लिए सलाह दी। इस तरह की हो चुकी कई घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। इलाकाई पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। थानाध्यक्ष से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा खाली होते हैं तो बात होगी। थाना कोरांव की पुलिस मौके पर जा कर घटना की जानकारी ली।

# प्रयागराज जंक्शन पर जल्द मिलेगी स्लीपिंग पॉड की सुविधा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों की सहूलियत के लिए शीघ्र ही स्लीपिंग पॉड बनकर तैयार होगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा शुरू होने वाली है। इन पॉड्स को रेल यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा, जिसमें यात्री आराम से सो सकेंगे, अपने आवश्यक कार्यों को भी पॉडस के अंदर ही कर सकेंगे। रेल यात्रियों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी वंहा मौजूद रहेंगी। इस रेलवे स्टेशन पर 134 सिंगल पॉड ,16 कपल पॉड , 04 फॅमिली पॉड (ओल्ड बुकिंग कार्यालय) सिविल लाइंस साइड तैयार किया जाना है। इसका कार्य शीघ्र ही शुरू होने वाला है।कैप्सूलनुमा छोटा कमरा जैसा होता है यह पॉड उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि स्लीपिंग पॉड्स एक कैप्सूलनुमा छोटे कमरे की तरह से होता जिसमें रेल यात्री बुकिंग करके उसका उपयोग कर सकतें है। रेल यात्रियों के लिए कुल मिलाकर एक नई और उन्नत तकनीक वाली सुविधा का अलग अनुभव मिलेगा। जिसमें कम जेब खर्च पर बेहतरीन सुविधाएं मिलेगी। स्लीपिंग पॉड्स सेवा से सबसे ज्यादा फायदा उन यात्रियों को होगा, जो लंबी यात्रा के बाद स्टेशन पर आकर रुकते हैं या वे यात्री जो ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर इंतजार करते हैं। यह पूरी तरह से वातानुकूलित होंगे। इसके अतिरिक्त इन पॉड्स की सुविधा लेने वालों के लिए क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम, हाउस पेंट्री सर्विस की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

## श्री रामलीला कमेटी मामा भांजा तालाब द्वारा आयोजित हुआ स्थाई मंच का उद्घाटन समारोह

**नैनी।** नैनी श्री रामलीला कमेटी मामा भांजा तालाब बाजार में समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रदेश और देश की सरकार द्वारा देश के विभिन्न मंदिरों तथा आध्यात्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का जो चमत्कारिक प्रयास किया जा रहा है वह अविस्मरणीय है। उन्होंने श्री रामलीला कमेटी द्वारा 43 वर्षों से किया जा रहे उसके प्रयासों की खूब प्रशंसा की तथा कमेटी के संस्थापक व पदाधिकारी को क्षेत्र के आध्यात्मिक उन्नयन का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि श्री रामलीला स्टेज प्रांगण को सुंदर व सुव्यवस्थित करने में हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर रामलीला कमेटी डांडी बाजार के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी भगवत कुशवाहा ने श्री रामलीला कमेटी के ऐतिहासिक सफर की चर्चा करते हुए बहुगुणा परिवार के पुराने रिश्ते को स्मरण कराया तथा मामा भांजे तालाब बाजार में गंभीर रूप से बाधित पेयजल पूर्ति व विद्युत संकट के बारे में बताते हुए समाधान की मांग की। श्री रामलीला कमेटी मामा भांजा बाजार के अध्यक्ष प्रेम कुमार तिवारी ने प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। वहीं ब्लॉक प्रमुख चाका अनिल सिंह ने उपस्थित सभी अवाम का गर्म जोशी से स्वागत किया समारोह की अध्यक्षता संत प्रसाद पांडे ने किया।

# स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए मॉडल



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सरायतकी स्थित टीपी मेमोरियल विद्या मंदिर इंटर कालेज में मंगलवार को बच्चो में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष कविता पटेल ने फीता काटकर किया। इस दौरान बच्चो ने सौर ऊर्जा, स्मार्ट शहर, प्रदूषण से मुक्ति, जल बचाव, स्वच्छता को बढ़ावा, नारी सशक्तिकरण , इलेक्ट्रॉनिक वाहन के फायदे, ग्रहों की चाल, मिशन चंद्रमा, अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम इत्यादि विषयों पर कई मॉडल प्रस्तुत किये। विज्ञान प्रदर्शनी में किरन त्रिवेदी, जीत लाल त्रिपाठी, प्रबंधक अनुराग उपाध्याय, प्रधानाचार्य लक्ष्मी कांत उपाध्याय, किरन सिंह, सौरभ सिंह, प्रभाकर दुबे आदि ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया।



# शिक्षक शंकुल मासिक बैठक का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को बनी के शिक्षक शंकुल मासिक बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय तेंदुई बहादुरपुर आयोजित की गई जिसमे मुख्य रूप से नोडल एसआरजी डॉ. प्रशांत कुमार ओझा और नोडल अरूण कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे सभी शिक्षक शंकुल द्वारा दिसंबर 2023 तक निपुन विद्यालय बनाने की कार्य योजना पर चर्चा की गई बैठक विभाग के निर्धारित एजेंड के अनुसार अपराह्न 3से5 बजे तक चली अंत में प्रसांत कुमार ओझा और अरूण कुमार शुक्ल द्वारा निपुन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु श्रीमती कंचन प्रभा सिंह , प्रीति शुक्ल , अपर्णा सिंह, प्रीति सिंह को सम्मानित किया गया इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह, ममता सिंह, विभूति नारायण दुबे, रितेश ओझा, अरूण सिंह, अमिताभ सिंह, मीरा सिंह, शैलेंद्र यादव, अभय कुशवाहा, बबिता सिंह, रीना सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, रंजना सिंह, प्रीति बाला, सुषमा श्रीवास्तव, भावना कपूर, संतोष सिंह, अनुराधा, सत्यम, सफुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 360 मरीजों का हुआ परीक्षण

**मेजा।** विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुआ के पूजा अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 360 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के संयोजक सत्यम सिंह ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है। इसी के तहत युनाइटेड मेडिसिन प्रयागराज के डॉ. ए पी सिंह, डॉ.चितवन सिंह, डॉ पवन सिंह, डॉ.मानसिंह,संतोष यादव नरेंद्र द्विवेदी,नर्स निशा,कान्हा, नीलू,फार्मासिस्ट ,रोहित ने ग्राम के 360 मरीजों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आयोजन समिति के डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर सहित कई लोग उपस्थित थे।




# पुलिस ने डेढ़ करोड़ की ठगी करने वाले दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुलई का पूरा गांव निवासी सर्वेश कुमार मिश्र को ट्रस्ट में करोड़ों रुपए अनुदान राशि दिलाने के नाम पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फूलपुर तहसील क्षेत्र के भुलई का पूरा गांव निवासी सर्वेश कुमार मिश्र अपने पिता के नाम से नन्द किशोर मिश्र मानव कल्याण ट्रस्ट चलाते हैं। ट्रस्ट में करोड़ों रुपए अनुदान राशि दिलाने के नाम पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने वाले देवरिया जनपद के राम कुमार प्रजापति उर्फ राजेश मित्तल उर्फ अमित मित्तल पुत्र रमाकांत के अन्य साथी दूसरे ठगी विष्णु कुमार कौशिक 35 पुत्र हरिओम प्रकाश निवासी बिनोबा मार्केट थाना गंगानगर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान को अतिरिक्त निरीक्षक थाना फूलपुर सतीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुम्बई जाकर नेवाटेल होटल से पकड़ा। फूलपुर पुलिस ने बताया कि विष्णु कुमार कौशिक एक शातिर किस्म का बदमाश है।जो कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर अपने आप को बड़ी बड़ी कम्पनियों का अधिकारी बताकर लूटने का काम करते थे। पंडित नन्द किशोर मिश्र मानव कल्याण ट्रस्ट के संचालक सर्वेश कुमार मिश्र को भी टाटा कैपिटल, गूगल इंडिया व फोन पे कम्पनी से तीस करोड़ रुपए अनुदान राशि दिलाने के नाम पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिए। जिसके सम्बन्ध में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

# झूंसी न्याय नगर मार्ग में लग रही अवैध सब्जी मंडी को नगर निगम ने हटवाया




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** जोन 8 वाराणसी प्रयागराज मार्ग किनारे झूंसी न्याय नगर में लग रही सब्जी मंडी मंगलवार की शाम नगर निगम ने हटवाया। इसके साथ कॉलोनी की पटरी पर हुए अवैध अतिक्रमण को भी तोड़ गया। जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि जीटी रोड किनारे न्याय नगर में काफी दिनों से अवैध सब्जी मंडी लग रही थी जिसकी वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी मंगलवार को प्रवर्तन दल टीम के साथ अवैध सब्जी मंडी को हटाया गया साथ ही आवास विकास कॉलोनी योजना तीन में सड़क की पटरी पर लोगों ने जाली लगाकर गार्डन बना लिया था उसको भी हटाया गया साथ मे 18 हजार जुमार्ना भी वसूला गया। घंटे चली कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल अरबी सिंह, खाद्य निरीक्षक देव पल सिंह आदि रहे।

# इंडक्शन सेरेमनी में फ्रेशर्स का स्वागत, टॉपर्स का सम्मान

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी में मंगलवार को यूनाइटेड ऑडिटोरियम में आयोजित इंडक्शन सेरेमनी के दौरान नए छात्रों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग और प्रबंधन में प्रवेश लेने वाले लगभग 1800 नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को यूनाइटेड में आधिकारिक तौर पर शामिल कर उनका दीक्षारम्भ किया गया। समारोह के दौरान यूजीआई के यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड रिसर्च (यूसीईआर), यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (यूआईटी) एवं यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (यूआईएम) के छात्र-छात्राओं जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अपने संबंधित कॉलेजों में टॉप किया उनको सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। यूजीआई के चेयरमैन गिरधर गोपाल गुलाटी और प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी ने सभी नव प्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बोलते हुए यूजीआई के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावकों के प्रति यूनाइटेड को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले चार शैक्षणिक वर्षों का सर्वोत्तम तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए अपील की और रैगिंग के लिए सख्त दिशानिर्देशों के बारे में बताया। वाइस चेयरमैन ने भरोसा दिलाया कि यूनाइटेड छात्रों के सपनो को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडेगा। छात्रों को यूनाइटेड में अत्याधुनिक सुविधाओं तथा ग्लोबल एक्सपोजर के बारे में जानकारी देने के लिए एक कॉर्पोरेट वीडियो भी दिखाया गया। यूजीआई के वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने प्रिंसिपल, डीन, एचओडी और वरिष्ठ अधिकारियों सहित यूजीआई के प्रमुख पदाधिकारियों का छात्रों से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि यूजाआई में छात्रों का इतनी बड़ी संख्या में प्रवेश गर्व का विषय है। यह यूनाइटेड पर उनके विश्वास को दशार्ता है। डीन, कॉरपोरेट रिलेशंस सेंटर (सीआरसी) यूजीआई डॉ. दिव्या बरतरिया ने यूजीआई में प्लेसमेंट और मूल्यवर्धन में सीआरसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य अनिल सिंह ने छात्रों को कैंपस, हॉस्टल और एंटी रैगिंग सेल के बारे में महत्वपूर्ण दिशानिदेर्शों के बारे में बताया। यूजीआई के सांस्कृतिक प्रमुख डॉ. अजय शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। समारोह का संचालन श्रुति सिंह एवं प्रदीप सेन गुप्ता ने किया।

# शिव का धनुष टूटते ही पहुंचे परसुराम



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** जमुनीपुर में दिन में होने रामलीला में मंगलवार को धनुष यज्ञ की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। मिथिला नरेश राजा जनक के दरबार मे देश देश के बलशाली राजा भगवान शिव के धनुष को जब हिला नहीं पाए तब गुरु विश्वामित्र के आदेश से प्रभु श्रीराम ने जैसे ही धनुष पर प्रत्यंचा चढाई वह टूट गई। यह देख सभी हर्षित हो गए और राजा राम चन्द्र का जय घोष करने लगे बधाई गीत बजने लगे। तभी वहा परसुराम पहुच गए। उनके रौद्र रूप को देखकर सभी भयभीत हो गए। समिति के अध्यक्ष कुशल प्रधान ने बताया कि श्री रामलीला समिति जमुनीपुर में लगभग एक सौ दस वर्ष से राम लीला का मंचन दिन व रात में किया जाता है। अनिल त्रिपाठी, सुधांशु श्रीवास्तव, सुमित त्रिपाठी, विपुल त्रिपाठी, शुभम पांडेय,पवन मिश्रा, हरिश्चंद्र यादव, सौरभ त्रिपाठी, मनोज दुबे, भाई जान, शनि यादव आदि व्यवस्थापक की भूमिका में रहे।

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज, बुधवार 18. 10. 2023



# प्रतापगढ़ संदेश

## कारीगरों को 20 अक्टूबर को किया जायेगा जागरूक

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम करन दूबे ने बताया है कि पर्यावरण को प्लास्टिक से बने पालीथीन, थमाकोल आदि उत्पादों से हो रहे नुकसान को रोकने के लिये उ0प्र0 शासन द्वारा प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं को प्रतिबन्धित कर दिया गया है। उसके विकल्प के रूप में मिट्टी से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होने बताया है कि जनपद के माटीकला की विधा से जुड़े हुये समस्त परम्परागत कारीगरों एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले स्वरोजगारियों हेतु 20 अक्टूबर 2023 को वी0एन0आई0टी0आई0 कालेज लहरीनगर पहाड़पुर सगरासुन्दरपुर जनपद प्रतापगढ़ में परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा नामित पर्यवेक्षक की देख-रेख में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में माटीकला की विधा से जुड़े लोग प्रतिभाग करें।

# पिछड़ों के विकास के लिये बने अलग मंत्रालयः अनुप्रिया पटेल

### सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस की सभा में केन्द्रीय मंत्री ने जनगणना कराने का किया समर्थन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज यहां कहा कि भारत देश विविधताओं का देश है और जातीय विविधता में भारत की एकता निहित है। आज आबादी में हम चीन को भी पीछे छोड़ दिये हैं। हमारे देश के लोकतंत्र की सराहना दुनिया में होती है।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि लोकतंत्र को समावेशी बनाया जाए और जब लोकतंत्र समावेशी होगा तो और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के हर वर्ग तक विकास की गंगा पहुंचे, इसके लिये आर्थिक एवं जातीय जनगणना जरुरी है। शहर के राजकीय इंटर कालेज में अपना दल के संस्थापक डा0 सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आई भीड़ से गदगद अनुप्रिया पटेल ने



केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्वागत करते अपना दल एस के पदाधिकारीगण।

कहा कि पिछड़ा वर्ग का अलग मंत्रालय बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि पिछड़ों की संख्या पूरे देश में सबसे ज्यादा है इसलिये जातीय जनगणना जरुरी है। अनुप्रिया पटेल ने अपने पिता सोनेलाल पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सोनेलाल व्यक्ति नहीं एक विचारधारा था। इस विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिये हम सभी प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि आज अपना दल प्रदेश में तीसरी पार्टी के रुप में उभरा है। डा0 सोनेलाल की इस श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं अपना दल एस के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ की धरती ने अपना दल का इतिहास बनाया है और अब फिर इतिहास बनाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार पाल, विधायक जीतलाल पटेल, जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिले भर के कार्यकर्ता एवं पड़ोसी जनपद के लोग बड़ी संख्या में आए थे।

# श्री रामलीला समिति ने मुनि आगमन व ताड़का वध की निकाली झांकी

### ताड़का वध होने पर राम भक्तों ने प्रभु श्री राम के लगाए जयकारे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में आज तीसरे दिन मुनि आगमन एवं ताड़का वध की लीला प्रस्तुत की गई। मुनि आगमन एवं ताड़का वध की झांकी निकाली गई थी। झांकी में मुनि विश्वामित्र को राक्षस लोग यज्ञ नही करने देते थे। मुनि विश्वामित्र राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्री राम व लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए लाये थे।यज्ञ करते समय राक्षसो ने यज्ञ विध्वंस करने का प्रयास किया। भगवान राम जी ने राक्षसी ताड़का का भी वध कर यज्ञ की रक्षा की गई की लीला प्रस्तुत की गई थी। जिसे नगर में देखने के लिए राम भक्त का सड़कों पर जमावड़ा लगा हुआ था। भक्त प्रभु श्री राम जी के जयकारे लगा रहे थे।

झांकी श्री राम गोपाल मंदिर से समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री


रामलीला समिति द्वारा निकाली गई झांकी।

विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, बंटी नेता, विष्णु सोनी आदि झांकी का नेतृत्व कर रहे थे।

लीला की झांकी गोपाल मंदिर से चैक बजाजा से चैक ठठेरी बाजार होते हुए सदर चैराहा से वापसी बाबागंज होते हुए स्टेशन से वापसी पंजाबी मार्केट से श्री रामगोपाल मंदिर आकर समापन किया गया। इस अवसर पर राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, विवेक यादव, शिवम खंडेलवाल, प्रकाश, मनीष सिंह, विनय केशरवानी, राहुल पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, राजेश उमरवैश्य, दीपक जायसवाल, करफू सोनी, अजय कसौधन, अमित रावत, सचिन सोनी, सोना सिंह आदि उपस्थित रहे। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 18 अक्टूबर 2023 को फुलवारी लीला व धनुष यज्ञ लीला की झांकी श्री रामलीला समिति द्वारा निकाली जाएगी।

## डॉ. ओम निश्चल को मिलेगा डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान

अखंड भारत संदेश


फोटो 6-डॉ ओम निश्चल

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश की एक आवश्यक बैठक सृजनाकुटीर, अजीतनगर में हुई जिसमें प्रतापगढ़ की लालगंज तहसील के हर्षपुर गांव निवासी लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. ओम निश्चल को डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2023 मिलने पर बधाई और शुभकामना दी गई। यह सम्मान उन्हें डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र निशंक अध्ययन संस्थान लखनऊ की ओर से प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम से उन्हें अलंकृत किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ. ओम निश्चल ने समालोचना समीक्षा सहित विविध विधाओं की 50 से अधिक पुस्तकों का प्रणयन किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार व पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि डॉ. ओम निश्चल ने राष्ट्रीय हिन्दी साहित्य पटल पर जनपद का गौरव बढ़ाया है। इस सम्मान के पूर्व उन्हें अनेक प्रतिष्ठित सम्मान, पुरस्कार मिल चुके हैं। बधाई और शुभकामना देने वालों में लखनऊ के बालसाहित्यकार सुरेन्द्र विक्रम, कानपुर के हरीलाल मिलन सहित रोशन लाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, अनिल कुमार निलय व अन्य महानुभाव प्रमुख रहे।

## गोवध अधिनियम के मामले में वांछित चल रहा आरोपी धराया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पशु क्रूरता एवं गोवध के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। कोतवाली में पूछताछ के बाद उसे देर शाम जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाली के अचकवापुर निवासी श्रीराम का बीस वर्षीय पुत्र सर्वेश गोवध एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। मंगलवार को दोपहर मुखबिरी सूचना पर उपनिरीक्षक दीपक कुमार यादव ने जलेशरगंज मोड़ से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस पूछताछ के लिए कोतवाली ले आयी। जहां देर शाम उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## शशिधर मिश्र स्मारक दंगल प्रतियोगिता शुक्रवार को, जुटेंगे नामी पहलवान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के ढ़िगवस स्थित जगदीश नारायण इण्टर कालेज के सामने काली मां के परिसर में शुक्रवार को दोपहर बारह बजे से स्व. शशिधर मिश्र स्मारक विराट दंगल प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक ग्राम प्रधान शांतिभूषण मिश्र उर्फ रज्जन ने बताया कि विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी की गयी है। इसमे देश के नामचीन पहलवान कुश्ती का दांवपेंच आजमाने पहुंचेगें।

## प्रधान प्रतिनिधि ने दबंगों पर लगाया धनउगाही का आरोप, सीओ ने पुलिस को सौंपी जांच

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के दो लोगों पर अवैध रूप से धनउगाही करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर सीओ ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के रामपुर बावली ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि नागेश जायसवाल ने सीओ रामसूरत सोनकर को दिय गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के दबंग प्रतिमाह दस हजार रुपए अवैध रूप से मांग रहे है। पीड़ित के मुताबिक पैसा नही देने पर आरोपी शासन प्रशासन से झूठी शिकायतें कर परेशान करने व प्रधानी नहीं करने देने की धमकी देते हैं। प्रधान प्रतिनिधि के मुताबिक आरोपी दबंग किस्म के हैं। इनके कहने पर एक व्यक्ति के घर के सामने निजी खर्च से हैण्डपम्प भी लगवाया जा चुका है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नही हुई तो कोई अनहोनी भी उसके साथ हो सकती है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सांसद के स्कूल से हुई हजारों की चोरी

### कोतवाली के बगल की है घटना,पुलिस को दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की रात चोरों ने साहस का परिचय देते हुए कोतवाली के बगल स्थिति दो विद्यालयों में ताला तोडकर विद्युत उपकरण व बर्तन समेत हजारों का सामान उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है।

लालगंज स्थित पूर्व सांसद राजकुमारी के विद्यालय अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि सोमवार की रात शिक्षक कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोर तीन सीलिंग फैन उठा ले गये। इसी विद्यालय के समीप स्थित मदर मैरी एण्ड जीसस कान्वेंट स्कूल में भी सोमवार की रात चोरों ने एक पंखा, इंडक्शन समेत हजारों के बर्तन उठा ले गए। सुबह मामले की जानकारी होने पर हडकंप मच गया। चोरों के साहस को हर कोई लोहा मान रहा था कि कोतवाली व तहसील के बगल लखनऊ राजमार्ग पर स्थिति स्कूलों में चोरी की घटना को अंजाम देना किसी साहस से कम नहीं है, वहीं पुलिस के पहरे पर भी लोग सवालिया निशान लगाते हुए दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि चोरी के मामले की जानकारी हुई है, शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## लीलापुर पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक शहशांह खान मंगलवार को हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इस दौरान मारपीट व जानलेवा धमकी के मामले में वांछित चल रहे दांदूपुर रनसिंह गांव निवासी राजकुमार पुत्र रामलाल, अमन पुत्र दीपक व कुलदीप पुत्र रामसमुझ को मुखबिर की सूचना पर गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से भिड़ने से दो घायल, प्रयागराज में एक की मौत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक के अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी गांव निवासी सुरेश गुप्ता के अटठाईस वर्षीय पुत्र मनीष गुप्ता सगरा सुंदरपुर में चाय की दुकान चलाता है। सोमवार को दोपहर वह गिरधरसहाय तिना निवासी अपने दोस्त उमेश वर्मा पुत्र रामसजीवन वर्मा के साथ बाइक से लक्ष्मणपुर की ओर जा रहा था। पूरे बेलखरियन के समीप बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयीं जिसमे दोनों घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल मनीष गुप्ता की प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। लीलापुर एसओ सुभाष यादव ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मेले की तैयारी को लेकर पेड़ों की छंटनी में जुटा बिजली विभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दुर्गा पूजा, दशहरा और भरत मिलाप मेले में बिजली बाधक न बने इसके लिए बिजली विभाग अभी से ही मुस्तैद हो गया है। आपूर्ति में बाधा बनने वाले पेड़ों की डालियों की छंटाई का काम जोरो से किया जा रहा है। इसके लिए घंटों बिजली की कटौती भी हो रही है। जिससे उपभोक्ताओं को पानी की दिक्कत भी आ रही है। मंगलवार को भी छंटाई के लिए टाउन की बिजली कटी रही। इससे रूपापुर से जुड़े तमाम इलाके में दोपहर एक बजे से पांच बजे तक लोगों को लाइट नहीं मिली।

हर वर्ष इसी समय मेले के दौरान पेड़ों के डालियों की छंटनी होती है। यह कोई नई बात नही है। सभी जानते हैं। इधर कुछ दिनों से बिजली कटौती की जा रही ताकि पेड़ों की छंटाई अच्छे हो सके। मेले सकुशल संपन्न हो। निर्बाध रूप से बिजली मिले, बिजली अधिकारी इसी कोशिश में हैं। लोगों का कहना है कि

### चार, चार घंटे काटी जा रही बिजली, पानी की किल्लत

कटौती का समय अगर एक दिन पहले पता चल जाए तो लोगो को दिक्कत न हो। बिजली न होने से विशेषकर पानी की दिक्कत आ रही हैं। इस बारे में रूपापुर विद्युत उपकेंद्र के जेई संदीप का कहना है कि मेले की तैयारी के लिए पेड़ की डालियों की छंटाई की जा रही है। जोगापुर से सियाराम कालोनी गेट तक छंटाई की गई। जिससे आपूर्ति बाधित हुई।

# आनलाइन ट्रेंडिंग से व्यापारियों को हो रहे नुकसानों की जानकारी लेने पहुंचे कंछल

### जिलाध्यक्ष और व्यापारियों ने खुलकर बताई समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय/प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का आगमन आज प्रतापगढ़ जनपद में व्यापारियों की प्रदेश कमेटी द्वारा व्यापारी हित हेतु किए जाने वाले कार्यों को अवगत कराने के लिए, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान-वृंदावन केदारनाथ सर्राफ, चैक बजाजा पर हुआ।

बैठक में कंछल ने जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी से जनपद के व्यवसाईयों व व्यापार मंडल के समस्याओं पर पूछा जिस पर जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित सभी पदाधिकारी ने स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चुस्त-दुरुस्त एवं


व्यापारियों की बैठक में बोलते प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल।

संतोषजनक होने के साथ आन लाइन ट्रेडिंग से सभी के व्यवसायों में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल आइटम, रेडीमेड कपड़े, बर्तन, गल्ला किराना आदि सामान पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में कहा। इस पर कंछल ने बताया कि प्रदेश कमेटी ने इसके पूर्व ही ऑनलाइन के विरोध में कई कार्यक्रम किया विरोध प्रदर्शन किया और आगे भी जब तक इस पर पूरी पाबंदी नहीं लग जाती व्यापारियों के हित में अनवरत संघर्ष करता रहेगा।

इसी परिपेक्ष में विगत 10 अक्टूबर को प्रदेश कमेटी ने बैठक करके सरकार से मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया है। बैठक में अभय खंडेलवाल, प्रमोद केसरवानी, संजय सोनी, राहुल केसरवानी, अशोक केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, अख्तर राइन, शकील अख्तर, नारायण खंडेलवाल, सुरेश केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, आशीष सिंह, दीपक केसरवानी, स्वप्नील जयसवाल, सरदार महेंद्र सिंह, मनीष केसरवानी गुंजन, सुधीर केसरवानी एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी गई जानकारी

### क्षेत्राधिकारी नगर ने छात्राओं को वितरित किया कार्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत साइबर अपराध और उससे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मास्टर ट्रेनर दुर्गेश सिंह ने बताया कि किस प्रकार सोशल मीडिया पर किसी के भी फोटो और आवाज का प्रतिरूप तैयार कर उनके परिवारी जनों से अपराधियों द्वारा अवैध धन की वसूली की जा रही है या सम्बन्धित व्यक्ति को ब्लैकमेल किया जाता है। इन अपराधों से बचने के लिए उन्होंने सलाह दिया कि केवल विधिक रूप से संचालित आई.डी. पर ही अपनी कोई व्यक्तिगत सूचनाए साझा करें अन्यथा नहीं।


मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मौजूद सीओ सिटी व छात्राएं।

सामाजिक संस्था अदविता फाउडेंशन की ओर से छात्राओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया और आर्थिक अपराधों से बचने के उपाय सुझाए गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करिशमा गुप्ता क्षेत्राधिकारी नगर ने छात्राओं को एक कार्ड वितरित कर ऐसे सभी फोन नम्बर को साझा किया जिससे छात्रो को तत्काल सहायता मिल सकती है। उन्होंने छात्राओं को निर्भीक बनने और पुलिस से सहयोग करने की अपील की, उन्होंने विश्वास दिलाया कि अब सोच बदल रही है, परिवेश बदल रहा है और प्रदेश में हम सभी को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इस अभियान में पुलिस आपकी सबसे बड़ी सहायक है। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्या पूजन हमारी संस्कृति है और शक्ति स्वरूप करिशमा गुप्ता हमारी छात्राओं की प्रेरणा बनें यह हमारी शिरड़ी के सॉंई समर्थ से प्रार्थना है। कार्यक्रम का संचालन श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया एवं संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सरिता सिंह, अजमत अली एवं राहुल मिश्रा द्वारा किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वरनाथ में सम्पन्न हुई न्याय पंचायत सगरा संकुल की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड के न्याय पंचायत सगरा संकुल की बैठक आज प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वरनाथ में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करने पर बल दिया गया।

संकुल के सभी 12 विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए शासन द्वारा निर्धारित कार्य योजना पर अमल करने के लिए आवश्यक कार्य नीति भी तय की गई। एआरपी नीलम सिंह ने कक्षा शिक्षण हेतु भाषा एवं गणित के निर्धारित शिक्षण चक्र के अनुरूप विद्यार्थियों को पढ़ाने की कला सिखाई व शिक्षकों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। नोडल संकुल प्राची पांडे ने विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु 5 पॉइंट टूल किट प्रयोग पर विस्तृत व्याख्या की और शिक्षक डायरी भरने में शिक्षकों की समस्या का समाधान किया। उन्होंने विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। संकुल बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार तिवारी ने किया। संकुल बैठक में रिचा त्रिपाठी, अनीता मिश्रा, रीमा शुक्ला, हरिशंकर ने टीएलएम के माध्यम से कक्षा शिक्षण का प्रदर्शन किया। सभी शिक्षकों ने बैठक में साझा किए गए वीडियो को देखकर क्विज में प्रतिभाग किया। बैठक में शिक्षकों ने टीम बिलि्ंडग गतिविधि के माध्यम से आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की कला सीखी। बैठक में रुपेश तिवारी जिष्णेद्र प्रताप सिंह, रेखा सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्रकाश, प्रतिभा द्विवेदी, शालू मिश्रा, नीलम पाल, सुधा त्रिपाठी, पुष्पा मिश्रा, सोनू सिंह, कादंबरी, माधुरी, प्रियंका, अर्चना, सुनीता, संज्ञा, पूजा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पटाखा फैक्ट्री में गन पाउडर के भारी तादात में मौजूद होने के बाद विस्फोट की होती हैं घटनाएं

# अवैध पटाखा फैक्ट्री : कई विस्फोट कई मौत कई लहूलुहान पर बंद नहीं हुई फैक्ट्री!

सुशील केशरवानी



**कौशाम्बी।** आतिशबाजी बनाने वाली अवैध पटाखा फैक्ट्री से कौशांबी का भी गहरा रिश्ता है भरवारी मंझनपुर मूरतगंज अलीपुर तिल्हापुर मोड़ नेवादा सराय अकिल मनौरी चरवा पूरामुफ्ती पुरखास चायल पश्चिम शरीरा गढ़ी बाजार चंपहा हर्रायपुर कड़ा सिराथू अल्लीपुर जीता देवीगंज दारानगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आतिशबाज फैक्ट्री में पूरे वर्ष अवैध पटाखे बनाए जाते हैं दीपावली का पर्व आते ही अवैध पटाखे बनाने में तेजी आ जाती है अवैध तरीके से संचालित पटाखा फैक्ट्री में कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी मूरतगंज चायल कस्बा सहित कई स्थानों पर कई बार विस्फोट हो चुके हैं कई लोगों की मौत हो चुकी है कई लोग लहूलुहान हो चुके हैं लेकिन तमाम घटनाओं के बाद भी कौशांबी की अवैध पटाखा फैक्ट्री में पटाखा बनाने का अवैध खेल नहीं बंद हो सका है पटाखा बिक्री और पटाखा निर्माण के लाइसेंस की नियमावली अलग है लेकिन छोटे पटाखे की बिक्री का लाइसेंस लेकर यहां कई लोगों द्वारा पटाखा बनाने का खेल बीते कई दशक से बेखौफ तरीके से संचालित किया जा रहा है अन्य जरायम के धंधे को भी अनजान देते हैं पटाखा फैक्ट्री में गन पाउडर के भारी तादात में मौजूद होने के बाद विस्फोट की घटनाएं होती हैं लेकिन उसके बाद भी शासन प्रशासन अवैध पटाखा फैक्ट्री के नियमों की जांच कर कठोर कार्रवाई करता नहीं दिख रहा है।

## भारत के 90 प्रतिशत पटाखों का उत्पादन शिवकाशी में होता है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मौजूदा समय में भारत के अंदर जो पटाखा उद्योग देखते हैं, उसकी शुरूआत 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में कलकत्ता में हुई थी अंग्रेजों के शासन काल में कलकत्ता हर उद्योग का गढ़ था, यहीं पर माचिस उद्योग भी खूब पनप रहा था. पर पटाखा उद्योग के दिन बदले जब 1923 में यह तमिलनाडु के शिवकाशी पहुंचा पटाखों का शिवकाशी पहुंचना और आज के मुर्गा छाप पटाखों का वजूद में आना लगभग एक ही साथ की घटनाएं हैं अगर हम पहले सिर्फ श्री कलिस्वारी ग्रुप की, तो आज आतिशबाजी और माचिस की मिलाकर कंपनी की 35 से ज्यादा फैक्टरी हैं. इनमें करीब 10,000 लोग काम करते हैं. इसके संस्थापक शुंमुगा नादर एक समय में शिवकाशी म्यूनिसिपालिटी के चेयरमैन भी रहे, जिसकी वजह से यहां पटाखा और माचिस उद्योग खूब फला-फूला शिवकाशी का पटाखा उद्योग करीब 1,000 करोड़ रुपये का है। यहां 450 के करीब पटाखा फैक्टरी हैं. वहीं ये 40,000 लोगों को सीधे तो अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 1 लाख लोगों को रोजगार देता है।

### कैसे मिलता है केंद्र सरकार के एक्सप्लोसिव विभाग का लाइसेंस

**कौशाम्बी।** पटाखे बनाने वाली फैक्ट्रियों को केंद्र सरकार के एक्सप्लोसिव विभाग के साथ-साथ बाकी विभागों से भी कलीरैंस लेनी पड़ती है और जब तक बाकी विभाग अपनी कलीरैंस नहीं देते, तब तक डिप्टी कमिशनर इनके लाइसेंस जारी नही कर सकते हैं सेफ्टी नियम पूरे होने के उपरांत लाइसेंस जारी किया जाता है जिले स्तर से पटाखा फैक्ट्री के लाइसेंस जारी करने के कोई नियम सरकार ने नहीं दिए हैं पटाखे बनाने का लाइसेंस लेने के लिए कम से कम एक एकड़ जमीन होनी चाहिए। इस जमीन के आस-पास कोई रिहायश नहीं होनी चाहिए। जिस स्थान पर पटाखा फैक्ट्री लगानी है, उसके आगे या पीछे 100 मीटर तक कुछ नहीं होना चाहिए पटाखा फैक्ट्री में काम करने वाले फोरमैन के पास एक्सप्लोसिव विभाग का लाइसेंस होना चाहिए। जिस कमरो में पटाखे पैक किये जाते हैं, उस कमरे से दूसरे कमरो में तीन मीटर से 9 मीटर तक ही दूरी होनी चाहिए और बिजली की तारों, गैस सिलंडर यहां तक कि मोबाइल भी नहीं लेकर जा सकता पटाखे बनाने वाले कारीगरों का मेडिकल करवाना जरूरी है लेकिन इन तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री संचालित होती है।

### प्रयागराज जनपद में अवैध तरीके से चलती है पटाखा फैक्ट्री

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न कस्बो के साथ-साथ प्रयागराज जनपद के अटाला नखसकोना तथा मऊआइमा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से तमाम पटाखा फैक्ट्री संचालित हो रही है मऊ आइमा में भी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो चुके हैं कई लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी प्रयागराज जिला अधिकारी ने पटाखा फैक्टरी पर कार्रवाई कर अवैध पटाखा फैक्ट्री को बंद कराकर संचालकों को जेल नहीं भेजा है जिससे पूरी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हैं।

### तमाम शहरों की पटाखा फैक्ट्री में हो चुके हैं बड़े बिस्फोट

**कौशाम्बी।** अवैध तरीके से पटाखा फैक्ट्री हमेशा जोखिम से भरी है देश के तमाम शहरों में पटाखा फैक्ट्री में तमाम बड़ी घटनाएं हो चुकी है ऋत्तिक मंडल पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में 9 लोगों की मौत हुई थी ब्लास्ट इतना भीषण था कि शवों के परखच्चे उड़ गए अरियालुर जिले के विरागलुर में पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट में 12 लोगों की जान चली गई है। 20 लोग घायल हुए थे पश्चिम बंगाल के जगन्नाथपुर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में सात लोग मारे गए थे मेरठ के लोहिया नगर में एक बिल्डिंग में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद चार लोगों की मौत हो गई है कई लोग गम्भीर घायल है आसपास के कई मकान ध्वस्त हो गए हैं भोपाल से लगभग 440 किमी दक्षिण-पूर्व में बालाघाट में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई प्रयागराज के मऊ आइमा में भी पटाखा फैक्ट्री में कई बार विस्फोट हो चुके हैं कई लोगों की मौत हो चुकी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी दिए थे कड़े निर्देश

**कौशाम्बी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2018 के प्रतिबंध को सभी अधिकारियों द्वारा विधिवत लागू किया जाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने देश में ग्रीन पटाखों को बनाने की मंजूरी देने से साफ मना कर दिया है. केंद्र सरकार और पटाखा निमार्ताओं ने इन पटाखों से कम प्रदूषण फैलने का दावा करते हुए निर्माण और बिक्री की प्रक्रिया की जानकारी सुप्रीम कोर्ट को दी थी. दोनों ने इनके निर्माण को मंजूरी का अनुरोध किया था लेकिन निर्माण की मंजूरी नहीं मिल सकी फिर भी बिना लाइसेंस के कौशांबी जिले में पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है और जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं यदि जिले में कोई बड़ा हादसा हुआ तो जवाबदेही किसकी तय की जाएगी।





# नव सृजित संदीपन घाट थाना का एडीजी जोन प्रयागराज ने भूमि पूजन कर रखी नींव

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** नव सृजित संदीपन घाट थाना का एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर के कर कमलों द्वारा मंगलवार को शिलान्यास किया यह थाना अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगा थाना के साथ साथ बैरक और गेस्ट हाउस आवास का भी निर्माण करवाने के लिए भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी प्रयागराज जोन और आईजी चंद्र प्रकाश प्रयागराज जोन चायल तहसील के ग्राम पंचायत काजीपुर पहुंचकर गारद की सलामी ली। तत्पश्चात एडीजी जोन भानु भास्कर व आईजी चंद्र प्रकाश ने विधि विधान, हवन पूजन तथा एडीजी द्वारा भूमि पूजन करते हुए नीव की प्रथम ईट स्थापित करके विधिवत भूमि पूजन करते हुए शिलान्यास संपन्न किया मुख्य अतिथि एडीजी जोन भानु भास्कर ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि हमारा थाना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा थाने के निर्माण के साथ साथ बैरक और थाना प्रभारी आवास का भी निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनमानस को किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाएं इसका भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। नव निर्मित संदीपन घाट थाना में कैंटीन का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी समर बहादुर, चायल सीओ योगेन्द्र कृष्ण नारायण, संदीपन घाट थाना प्रभारी भुवनेश चौबे, और संदीपन घाट थाने के समस्त पुलिस फोर्स मौजुद रहे इसके अतरिक्त सराय अकिल थाना प्रभारी विनीत सिंह चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह के साथ तीनो थाना के समस्त पुलिस बल इस कार्यक्रम में मौजुद रहे। थाने की भूमि पूजन और शिलान्यास के इस कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं को एडीजी आईजी ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान मे उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु छात्रा वाणी मालवीय महिला आरक्षी नंदिनी तिवारी को अपने बीट क्षेत्र मे जागरुक करने व महिला एथलिट सुनीता देवी कुवैत मे एशियन यूथ चैम्पियनशिप मे सिल्वर मेडल विजेता को विशेष योगदान देने पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने प्रशस्ति पत्र वा प्रशंसा चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया।

### महिला बीट आरक्षियों के साथ एडीजी ने किया गोष्ठी

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित वीरांगना दुर्गा भाभी सभागार में मिशन शक्ति यूपी के चतुर्थ चरण के विशेष अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत महिला बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### डीएम एसपी ने किया स्वागत

**कौशाम्बी** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज के जनपद कौशाम्बी आगमन पर जिलाधिकारी कौशाम्बी वा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया एवं गार्द द्वारा सलामी दी गई।

## पेट्रोल पंप पर जेसीबी संचालक का रूपयो से भरा बैग उठाकर बाइक सवार फरार

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में बदमाश इतने बेखौफ हो गए है कि वह दिन दहाड़े पेट्रोल पंप पर डीजल भरा रहे जेसीबी संचालक का रूपयो से भरा बैग ही उठाकर फरार हो जाते है,हालांकि घटना पेट्रोल पंप पर लगे हुए सीसीटीवी में कैद हो गई,घटना की शिकायत कोखराज थाना पुलिस से की गई है,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कोखराज थाना क्षेत्र के रोही बाईपास के नबीपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप में बदलेपुर गांव निवासी सुनील पटेल जेसीबी संचालक काम समाप्त कर वापस लौटते वक्त जेसीबी में डीजल भराने लगे,तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उनके बैग में रखा हुआ 35 हजार रुपए लेकर फरार हो गए,सुनील ने देखा तो उसके होश उड़ गए,सुनील ने घटना की जानकारी कोखराज पुलिस को दी है,पुलिस सीसीटीवी की सहायता से मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रधान की दबंगई के चलते सफाई कर्मी नहीं साफ कर रहा नाली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकासखंड सिराथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत शमशाबाद में सफाई अभियान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है पूरे गांव में गंदगी जगह-जगह भरी पड़ी है जिससे दुर्गंध उठ रही है ग्रामीणों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है सफाई कर्मी कभी भी सफाई करने नहीं आ रहा है बताया जाता है कि ग्राम प्रधान शमशाबाद की दबंगई और गुण्डई से सफाई कर्मी भी अजीज आ गया है जिससे उसने सफाई करने से इनकार कर दिया है एक तरफ योगी मोदी सरकार स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता मिशन के तहत गांव को साफ करने के कड़े निर्देश दे रहे हैं लाखों करोड़ों का बजट ग्राम पंचायत की सफाई में खर्च किए जा रहे हैं लेकिन शमशाबाद गांव में सफाई अभियान की रकम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है लेकिन योगी मोदी के स्वच्छता अभियान में ग्राम प्रधान बाधक दिखाई पड़ रहे हैं जिससे शमशाबाद गांव में चारों ओर गंदगी व्याप्त है नालियां बजबजा रही हैं सड़कों पर गंदगी भरी पड़ी है गांव में भीषण गंदगी के चलते महामारी और तमाम बीमारी फैलने की आशंका से ग्रामीण दहशत के साये में जी रहे हैं पूरे गांव में गंदगी के चलते मच्छर और विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया और कीटाणु की संख्या तेजी से बढ़ी है दवाइयां का छिड़काव ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है जिससे मच्छर जनित बीमारी डेंगू जैसे तमाम मर्ज फैलने की आशंका बढ़ती जा रही है ग्राम प्रधान की तानाशाही से पीड़ित गांव के लोगों ने विकासखंड कार्यालय और विकास भवन में शिकायत कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की लेकिन उसके बाद भी शमशाबाद ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है गांव के लोगों ने एक बार फिर डीएम कमिश्नर का ध्यान आकर्षित करते हुए गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते हुए दबंगई पर उतरे ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार के कारनामे की जांच कर प्रधान को दंडित किए जाने की मांग की है।



दवाइयां का छिड़काव ना कराए जाने से मच्छर जनित बीमारी डेंगू जैसे तमाम मर्ज फैलने की आशंका

ग्राम प्रधान शमसाबाद के भ्रष्टाचार के कारनामे की जांच कर प्रधान को दंडित किए जाने की मांग

## लेखपाल कक्ष के अंदर लगा गन्दगी का अंबार



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के राजस्व लेखपाल कक्ष के अंदर गन्दगी का अंबार लगा हुआ है तहसील में कई सफाई कर्मचारियों की तैनाती है लेकिन लेखपाल कक्ष के अंदर सफाई कर्मचारी सफाई नहीं कर रहे हैं जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं दूषित वातावरण में लेखपालों को काम करना पड़ रहा है लेकिन सफाई व्यवस्था की बदहाली की जिम्मेदारी लेने को कोई भी अधिकारी कर्मचारी तैयार नहीं है जब तहसील सिराथू परिसर में गंदगी का यह हाल है तो सरकार की सफाई अभियान का गांव ग्रामीण क्षेत्र में क्या हाल होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए लाखों करोड़ों का बजट खर्च कर रही है स्वच्छता अभियान में आए दिन अधिकारी फोटो खिंचवा कर स्वच्छता अभियान की सफलता की वाहवाही लूट रहे हैं लेकिन तहसील में लेखपाल कक्ष के अंदर फैली गंदगी अधिकारियों के पूरे व्यवस्था पर करारा तमाचा है लेखपाल कक्ष के अंदर व्याप्त गंदगी से लेखपाल भी परेशान है लेकिन वह किससे अपना दुख दर्द बयां करें।

## धन दुगना करने का झांसा देकर दो करोड़ की ठगी करने वाला भेजा गया जेल

**कौशांबी।** जनता की गाढ़ी कमाई को साढ़े 5 वर्ष में दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड रुपए की रकम ठगी करने वाले शातिर के विरुद्ध मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 91 सन 2022 धारा 420 406 और 507 के अंतर्गत दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया आरोपी मोहम्मद असलम पुत्र जैन उद्दीन निवासी कसिया मूरतगंज अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित हुआ अदालत ने उसे अभिरक्षा में लिया और जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के दौरान उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है जिस पर मोहम्मद असलम पुत्र जैनुद्दीन को जेल भेज दिया गया है जनता की गाढ़ी कमाई ठगी करने में कंपनी के मालिक और मुख्य मैनेजर राकेश शर्मा लखनऊ और अरुण कुमार शर्मा लखनऊ की तलाश पुलिस कर रही है बताया जाता है कि सितंबर 2019 में कंपनी बंद करके रीजनल मैनेजर उत्तराखंड भाग गए हैं जिससे उनकी गिरफ्तारी में दिक्कतें आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक जनता की गाढ़ी कमाई जमा करने के लिए ट्रेन्ट्री मल्टीस्टेट कोआपरेटिव सोसाइटी क्रेडिट लिमिटेड को आधार बनाकर मंझनपुर में निरंजन मिश्रा पुत्र राम भवन मिश्रा का घर 14000 रुपए महीना किराए पर लेकर बैंकिंग कंपनी खोली गई थी जिसमें तमाम लोग मोटे कमीशन के लालच में एजेंट के रूप में जुड़े और जनता की गाढ़ी कमाई कुछ समय में कथित बैंक में जमा कर दिया लेकिन बाद में कंपनी बंद करके कंपनी से जुड़े लोग भाग गए जिससे जमाकर्ताओं का पैसा फंस गया निरंजन मिश्रा सहित संजय कुमार प्रवीण यादव इश्तियाक अहमद मूलचंद संतोष कुमार अवधेश कुमार ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की दिशा आगे बढ़ाई है।

## न्यूज झरोखा

### प्रशिक्षण केंद्र में स्वच्छता शपथ तथा स्वच्छता रैली एवं प्रमाण पत्र वितरण




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण केंद्र देवखर पुर में 17 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और यह भी बताया कि अपने घर को तथा अपने मोहल्ले को कैसे साफ एवं स्वच्छ रखेंगे और महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था उसके बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा संस्थान द्वारा जो प्रतिभागी ने असिस्टेंट ड्रेस मेकर का कोर्स सीख चुकी थी उन प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी निदेशक द्वारा वितरित किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा अनुदेशिका रूपा आमना खातून एवं जैनब अनुष्का आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

### आरसीसी रोड का नगर अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने किया उद्घाटन



**चायल, कौशाम्बी।** चायल नगर पंचायत मनौरी से सराय अकिल रोड से वार्ड नंबर 3 गांधीनगर व वार्ड नंबर 2 नईम मिया का पूरा दोनो के बीच बनी आरसीसी रोड का नगर अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के द्वारा सभासद सभासदों की मौजूदगी में उद्घाटन किया गया योजना की लागत 4 लाख 52 हजार रुपए है और चायल पीएचसी को जाने के लिए मुख्य मार्ग है इससे पूर्व यही रोड की दुर्दशा खराब थी जिससे पीएचसी को आने जाने वाले तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको नगर प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत में प्रथम कार्य आरसीसी रोड को बनवाने का किया जिससे नगर के लोगो में खुशी की लहर है।

### डाकघर से पोस्टल आर्डर गायब जनता परेशान

कौशांबी। जिले के सिराथू सहित विभिन्न डाकघर में 10 रुपए के पोस्टल आर्डर गायब हो गए हैं जिससे जन सूचना अधिकार अधिनियम में पोस्टल आर्डर लगाने वाले फरियादियों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बार-बार आम जनमानस डाकघर पहुंचकर पोस्टल आर्डर की डिमांड करते हैं लेकिन उन्हें पोस्टल आर्डर नहीं मिल पाता है आखिर डाकघर के अधिकारी गंभीर क्यों नहीं है या फिर पोस्टल आर्डर की भी कालाबाजारी शुरू हो गई है।

### सेवामित्र पोर्टल एप काल सेन्टर से सम्पर्क कर कुशल कारीगरों की सेवायें प्राप्त करें

**कौशाम्बी।** शासन की मंशानुसार समस्त सेवा प्रदाताओं/वेंडर/दुकानदार यथा-कारपेंटर, एसी सर्विस मैकेनिक, टैक्सी सर्विस, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, रंगाई, पुताई आदि की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं आमजनमानस को सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल एप कालसेन्टर-155330 विककित किया गया हैं। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि सेवाओं का उपयोग घर बैठे काल सेन्टर नम्बर-155330 पर कॉल कर सेंवायें प्राप्त कर सकतें हैं।



## खाद्य सचल दल ने मंझनपुर ओसा करारी गुवारा तैयबपुर बाजार में स्थित प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर सिंघाडे. का आटा, कुट्टू का आटा व अन्य फलाहार की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व हानिकारक रसायनों द्वारा कृत्रिम रूप से पकाये गये फलों के भण्डार विक्रय को प्रतिबन्धित करने, आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त शशि शेखर के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद कौशाम्बी के मंझनपुर ओसा करारी गुवारा तैयबपुर आदि बाजार में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित किया गया आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी कौशाम्बी के आदेश के अनुपालन में 17 अक्टूबर को टीम ने सिंघाड़े का आटा मखाना चीनी किशमिश आदि खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों को खाद्य नियमों के अनुपालन संबंधी निर्देश दिए गए कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्रा, शहाब उद्दीन सिद्दीकी सेनेटरी सुपरवाइजर अनिल व विजय शंकर मिश्रा शामिल रहे।

# बेनीराम कटरा में जाम से जूझ रही जनता

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** सराय अकील थाना क्षेत्र के बेनीराम कटरा चौराहा पर प्रतिदिन घण्टो वाहनों का जाम लगता है एक बार जाम खत्म हुआ तो दोबारा फिर कुछ देर बाद जाम शुरू हो जाता है इस जाम से आम जनमानस परेशान रहते हैं लेकिन उसके बाद भी मौके पर बेनीराम कटरा पुलिस चौकी स्थापित होने के बाद पुलिस जाम को हटाने का प्रयास नहीं करती है सड़क मार्ग पर फल फ्रूट आदि की दुकान लगाई जाती हैं सब्जी चाट के ठेले भी सड़क के किनारे खड़े होते हैं ग्राहकों का वाहन सड़कों पर खड़ा हो जाता है जिससे कई कई घंटे सड़क पर जाम लग जाता है आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती हैं आधी सड़क को घेरकर फल फ्रूट चाट सब्जी आदि की लगने वाली दुकान और उनके ग्राहक जाम बढ़ाने में सहायक है। ईरिक्शा वाले भी मनमानी करते हैं जहां मर्जी हुई ईरिक्सा खड़ा कर सवारी भरने लगते है प्राइवेट बस चालक आधी सड़क घेरकर सवारी चढ़ाते उतरते हैं जिससे चौराहे पर पूरे दिन जाम बढ़ जाता है लेकिन इन पर रोक कौन लगाए स्थानीय पुलिस लापरवाह बनी हुई है या फिर कुछ रुपए की वसूली के चलते चालकों पर कार्रवाई करने के लिए स्थानीय पुलिस तैयार नहीं है इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चौराहे पर लगने वाले लाइलाज जाम को खत्म कराने की मांग की है।

## घटिया सामग्री से कोटा की दुकान का निर्माण कर रहे हैं प्रधान सचिव

कौशाम्बी सरकारी संपत्तियों के निर्माण में तेजी से भ्रष्टाचार बढ़ा है भ्रष्टाचार रोकने के जिम्मेदार अधिकारी मूक सहमति दे रहे हैं जिससे निर्माण कार्यों के भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग रही है बल्कि निर्माण कार्य कराने में लगे सरकारी जिम्मेदार बड़ी कमीशन खोरी की आड़ में घटिया निर्माण कर जहां मालामाल हो रहे हैं वही घटिया निर्माण के चलते सरकारी भवन कुछ वर्षों में ही बर्बाद हो रहे हैं जिले के विभिन्न विभागों के सैकड़ो भवन कुछ वर्षों में बर्बाद हो चुके हैं लेकिन देखने वाले नजअंदाज कर रहे हैं बेखौफ तरीके से घटिया निर्माण कराने वाले लोगों पर कार्यवाही करने के प्रति जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं हो रहे हैं जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की कमीशन खोरी में हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता ताजा मामला नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरोलहा में कोटे के गोदाम निर्माण का है। जानकारी के मुताबिक बिकास खण्ड नेवादा के ग्राम सभा बरोलहा में कोटे की गोदाम का निर्माण घटिया क्वालिटी की ईट लगा कर कराया जा रहा है सीमेंट बालू के मिश्रण में भी जमकर खेल हो रहा है भवन निर्माण की अन्य सामग्री भी मानक के अनुसार नहीं लगाई जा रही है सरकार के निर्देश पर बड़ी लागत से कोटे के गोदाम बनाए जाने का निर्देश दिया गया है लेकिन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव दोनो घटिया निर्माण में मशगूल है एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी नेवादा मूक सहमत देकर बैठे हैं जिससे घटिया निर्माण कर जल्द से जल्द कोटे का गोदाम बनाने के जुगाड़ में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव लगे हुए हैं इलाके के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण करने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कारनामों की जांच कराकर इन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की गिरफ्तारी कराए जाने और सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है।

## संपादक की कलम से

# जलवायु परिवर्तन : बच्चों के छूटते स्कूल

**लगभग** तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। स्वाभाविक है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वालों के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं रह जायेगा कि वे प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अन्यत्र आसरा लें। अपने मूल स्थानों को छोड़ने से किस तरह से अन्य संकट मानव जीवन में आते हैं, यह अब दुनिया भर में देखा जा रहा है। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं। जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। प्रभावित लोगों के समक्ष आजीविका से लेकर सांस्कृतिक नुकसानों तक की चर्चा होती है। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाएं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं। इसी क्रम में आई एक नयी रिपोर्ट बतलाती है कि ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा असर दुनिया भर के बच्चों पर हो रहा है। यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट बतलाती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली बाढ़, तूफान, सूखा व जंगलों की आग के कारण हर रोज 20 हजार बच्चे स्कूल छोड़ने के लिये मजबूर हो रहे हैं। 44 देशों में हुए इस अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 के बीच 4.31 करोड़ बच्चों को शालाएं छोड़नी पड़ीं। अकेले हो या सपरिवार, विस्थापन के चलते भारत, चीन और फिलीपींस में ही 2.23 करोड़ विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी। बाढ़ व तूफान प्रमुख कारण रहे हैं। अनुमान व्यक्त किया गया है कि जिस तरह से मौसम का बदलाव जारी है, 30 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा बच्चे केवल इन्हीं कारणों से शालाएं छोड़ देंगे। डोमिनिका, वानुआतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले बच्चे तूफान से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। दूसरी तरफ, जहां बाढ़ ने बच्चों का जीवन तहस-नहस किया. उनमें सोमालिया व सूडान सबसे ऊपर हैं। सूखे के कारण 13 लाख और जंगलों में लगने वाली आग से 8 लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए जिसके कारण उनके स्कूल छूटे हैं। कनाडा, इजरायल तथा अमेरिका में सबसे ज्यादा ऐसी आगजनी हुई है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि दुनिया भर के बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के लिये और भी 4.5 करोड़ शिक्षकों की आवश्यकता है। बच्चों को लेकर प्रकाशित हुई यह रिपोर्ट केवल जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में है।

# अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा का बड़ा मानवीय फैसला

ललित गर्ग



**सुप्रीम** कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है। शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाए। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है। अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो। ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।

आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषतः कन्याभ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा की गई उसकी उपेक्षा से मां पूरी तरह से आहत हो जाती थी। वही भारतीय मां अपने अजन्मे, अबोल शिशु को अपनी सहमति से समाप्त कराने को क्यों एवं कैसे तत्पर हो सकती है? क्या उसकी ममता का स्रोत सूख गया है? क्या भारतीय मातृत्व की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने महिला का अपने ऊपर अधिकार और अजन्मे बच्चे के अधिकारों को लेकर ऐसी चर्चा को जन्म दिया है जिसे लेकर ठोस मानवीय प्रावधान होना ही चाहिए। यों कहा जाना चाहिए कि अजन्मे शिशु के अधिकारों और माता के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश और जजों की पीठ ने व्यापक विचार किया और महिला की पैरवी कर रहे वकील से पूछा कि अदालत एक जीवित भ्रूण की हत्या का आदेश कैसे दे? आखिर अजन्मे को भी जीवन जीने का अधिकार है।

भले ही दुनिया के कई देशों में जीवन के अधिकार को बड़ा माना जाता है, तो कई देशों में व्यक्ति की इच्छा को बड़ा माना जाता है। इसलिए अब यह भी प्रश्न बना हुआ है कि महिला और गर्भस्थ शिशु में से किसके जीवन के अधिकार को तरजीह दी जाए। गर्भ गिराने की मांग करने वाली महिला का कहना था कि मानसिक एवं शारीरिक स्थिति ठीक न होने और कई बीमारियों से जूझने के कारण वह बच्चे को जन्म देने की स्थिति में नहीं है। कोर्ट ने गर्भवती महिला के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की एक बार फिर जांच करने का निर्देश दिया है। कानून के मुताबिक 24 सप्ताह से अधिक के भ्रूण को गिराया नहीं जा सकता। यह बात अलग है कि बलात्कार जैसे मामलों में पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने कानून में तय समयावधि से ज्यादा के गर्भ के मामलों में भी गर्भपात की अनुमति दी है। सात माह के बच्चे को गर्भ से बाहर निकालने का अर्थ है कि मां और शिशु दोनों की सेहत को खतरा पैदा हो सकता है। पैदा होने के बाद शिशु को पालने के बारे में वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। आखिर महिला ने जब इतने समय तक अपने गर्भ में भ्रूण को पाला तो कुछ हफ्ते और पालने में क्या हर्ज है। अजन्मे के अधिकार की रक्षा एवं गर्भवती महिला के जीवन के अधिकार की रक्षा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए सुप्रीम कोर्ट एक नजीर बना है। यह उन तमाम मामलों के लिए जिनमें व्यक्ति अपने जीवन के अधिकार को ऊपर रखता है, उदाहरण के रूप में पथदर्शन करेगा। ऐसे मामलों में व्यापक जन-जागृति के साथ सरकार को भी गंभीर होना होगा। हमारे देश में शिक्षा के प्रसार के बावजूद खास तौर से ग्रामीण इलाकों में गर्भनिरोधकों के विकल्पों का प्रचार व्यापक रूप में करना होगा। ऐसे में जरूरत है कि देश में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की और प्रभावी व्यवस्था हो।

किन्हीं मामलों में ऐसे बच्चों को जन्म के बाद मां उसके पालन करने में अक्षम हो तो बच्चे के पालन की व्यवस्था सरकार को अपने हाथ में लेते हुए ऐसे पालनाघर बनाने चाहिए जहां बच्चों का समुचित लालन-पालन हो सके। बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग होंगे, जिन्हें अजन्मे बच्चे के अधिकार पता नहीं होते हैं, इन अजन्मे बच्चों के अधिकारों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार हो।

प्रेषकः

# सियासी प्रयोगों की जननी है बिहार की धरती

बाल मुकुन्द ओझा

**प्रयोगों की** धरती बिहार एक बार फिर सब की निगाहों पर है। लोकनायक जेपी ने बिहार से दूसरी आजादी का शंखनाद कर सियासी राजनीति का नव प्रयोग किया था। इस कार्य में उन्हें जबरदस्त सफलता मिली। मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस और शरद यादव ने दूसरे राज्यों से बिहार आकर प्रयोगों की एक नयी मिशाल प्रस्तुत की थी। बाद में लालू यादव ने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता का ताज सौंपकर एक और सफल प्रयोग किया। समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीज ने इसी धरती पर लालू की सत्ता उखाड़ कर प्रयोग की दिशा को आगे बढ़ाया। बाद में दो तीन प्रयोग नीतीश ने भी किये। नीतीश ने दो बार भाजपा और दो बार लालू से हाथ मिलाकर प्रयोग की आंधी को थमने नहीं दिया। जंगलराज का प्रयोग भी यहीं हुआ है जिसकी गूँज पूरे भारत में आज भी सुनाई देती है। चारा घोटाला भी इसी प्रयोग की देन है जिसमें एक मुख्यमंत्री को जेल हुई। यह वही धरती है जहां नीतीश और लालू ने एक दूसरे पर कभी भ्रष्टाचार आरोप लगाए थे और आज गलबहियां डाल कर सियासी नाच कर रहे है। देश के किसी अन्य राज्य में शायद ही इतने क्रांतिकारी प्रयोग हुए है। अब जातीय गणना कराकर नीतीश ने अपने प्रयोग को आगे बढ़ाया है। पत्ता नहीं अभी कितने और प्रयोग अभी बिहार की धरती पर होंगे।

बिहार समाजवादी आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जय प्रकाश नारायण और कपूर्री ठाकुर की जन्म और कर्म भूमि है। डॉ राम मनोहर लोहिया ने भी बिहार में समाजवादी आंदोलन की नींव रखी थी। लोहिया ने ही सबसे पहले पिछड़ा पावे सौ में साठ का नारा बुलंद किया था। लोहिया के चेले रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय गणना का शंख फूंक कर देशभर में एक नजीर पेश की। आज नीतीश और लालू दोनों एक बार फिर एक होकर बिहार में शासन कर रहे है। लालू और नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदावार है। दोनों ने एक साथ संघर्ष कर बिहार से कांग्रेस को नेस्तनाबूद किया था। बिहार समाजवादी आंदोलन की जन्म कर्म और संघर्ष की भूमि रही है। भारत छोड़ो आंदोलन में समाजवादी नेताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जय प्रकाश नारायण, रामनंदन मिश्रा, बसावन सिंह, सूरज नारायण सिंह, कपूर्री ठाकुर रामानंद तिवाड़ी बीपी मंडल के जीवनकाल में समाजवादी आंदोलन कई चरणों से होकर गुजरा। मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस और शरद यादव जैसे अन्य राज्यों के समाजवादी नेताओं को भी बिहार से राजनीतिक जीवनदान मिला था। लोहिया की मृत्यु के बाद कपूर्री ठाकुर सबसे बड़े समाजवादी नेता के रूप में उभरे और उन्होंने बिहार की पिछड़ी जातियों के युवाओं को संगठित किया। लोहिया के बाद रामानंद तिवारी और भोलाप्रसाद सिंह के साथ वे बिहार की समाजवादी राजनीति के प्रमुख केंद्र बन गए। 1952 से आठवें दशक तक मृत्यु पर्यन्त कपूर्री ठाकुर दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उपमुख्यमंत्री रहे। इसी दौरान रामविलास पासवान ,लालू यादव और नीतीश कुमार सरीखे युवा कपूर्री ठाकुर की अंगुली पकड़ कर युवा समाजवादी के रूप में उभरे। 1974 में जेपी आंदोलन के दौरान छात्र नेता के रूप में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आठवें दशक में कपूर्री ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर लोकदल नेता के रूप में पिछड़ों की राजनीति शुरू की। रामविलास पासवान, लालू यादव और नीतीश बाद में कपूर्री ठाकुर के नेतृत्व को चुनौती देने लगे और इसके साथ बिहार में यादव , कुर्मी और दलितों की राजनीति शुरू होगई। इस तरह लालू यादव और नीतीश कुमार की राजनीति दरअसल उसी प्रक्रिया को आगे ले गई जिसे कपूर्री ठाकुर ने शुरू किया था। दोनों ने अपनी-अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप, कपूर्री ठाकुर की विरासत पर कब्जा जमाने की कोशिश की। बाद में कपूर्री ठाकुर के अनुयायियों समेत समाजवादी नेता अलग-अलग पार्टियों में बिखर गए। जनता पार्टी और जनता दल का प्रयोग असफल होने के बाद नवें दशक में लालू , नीतीश और पासवान ने अलग होकर पिछड़ों और दलितों की राजनीति शुरू करदी। लालू के बिहार पर दस साल तक एक छत्र राज के बाद नीतीश ने बीजेपी के साथ मिलकर लालू को उखाड़ फेंका।

इस बीच लालू चारा घोटाले में फंस गए। लोक सभा चुनाव में नीतीश नरेंद्र मोदी के सांप्रदायिक एजेंडे को मुद्दा बनाकर बीजेपी से अलग हो गये। आज एक बार फिर लालू और नीतीश एक हो बिहार पर काबिज हो गए है। अब यह प्रयोग कितनों दिनों का है, बताने वाला कोई नहीं है।

- बाल मुकुन्द ओझा

# क्या भाजपा ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रमनसिंह को छत्तीसगढ़ की कमान देने का मन बना लिया है ?

अशोक भाटिया

**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह ने अगले महीने होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को राजनांदगांव में नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है । सिंह के अलावा तीन अन्य भाजपा उम्मीदवारों ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इन चार उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। नामांकन भरने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आगामी चुनाव में भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि आज मैंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। हम भाग्यशाली हैं कि अमित शाह हमें आशीर्वाद देने आए। भाजपा इन चुनावों में जीतने जा रही है... लोग उत्साहित हैं।

भाजपा ने तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री सिंह को उनकी पारंपरिक राजनांदगांव सीट से मैदान में उतारा है। छह बार विधायक रहे सिंह ने 2008, 2013 और 2018 में तीन बार राजनांदगांव सीट से जीत हासिल की। हालांकि बड़ा सवाल यही है कि आखिर राज्य में भाजपा का चेहरा कौन रहेगा? पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में 15 सालों तक भाजपा को सत्ता में रखा है। ऐसे में कहीं ना कहीं उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। हालांकि, जिस तरीके से उनको दरकिनार करने की खबरें चल रही थी, उस पर फिलहाल ब्रेक लगता दिखाई दे रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लगातार भाजपा के बड़े नेताओं की ओर से उनकी खूब तारीफ की जा रही है। इससे साफ तौर पर यह जाहिर होता दिखाई दे रहा है कि कहीं ना कहीं भाजपा छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को लेकर एक बार फिर से दांव लगाने की तैयारी में है।

पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए थे तब उन्होंने रमन सिंह की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ में जब तक रमन सिंह की सरकार (2003 से 2018) थी, तब यहां भी हम तेजी से गरीबों के घर बना रहे थे। हालांकि जैसे ही यहां कांग्रेस की सरकार बनी तो वह उसमें घोटाले तलाशने लगे। वही आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रमन सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को एक बीमारू राज्य से बाहर निकाला । वह बार-बार रमन सिंह का नाम ले रहे थे। कहीं भी ऐसा नहीं लग रहा कि भाजपा नेताओं की ओर से रमन सिंह के नाम से परहेज किया जा रहा है। यदि पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह के 15 साल के शासन के बारे में आंकलन करें तो 2000 में अपने गठन के समय, छत्तीसगढ़ का भारत के कुल उत्पादन में केवल 1.4% हिस्सा था और यह कई विकास संकेतकों पर अधिकांश राज्यों से पीछे था। हालाँकि, पहले तीन साल के कांग्रेस शासन और फिर 15 साल के रमन सिंह के नेतृत्व वाले भाजपा शासन में, राज्य की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ी है।

# भाजपा की सूची से वसुंधरा समर्थकों में नाराजगी

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं।

हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में 5 सीटो पर ही जीत पाई थी। अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी है जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनू सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं। भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी करदी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनू सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया हैं। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भरतपुर जिले की नगर सीट से दो बार विधायक रही अनीता गुर्जर ने अपना टिकट काटने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कही है। देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं। 2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलिय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे।

हालांकि भाजपा ने उदयपुरवाटी से अपने पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को टिकट देकर महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के लिए सीट नहीं छोड़कर शिंदे गुट को उनकी हैसियत दिखा दी है। लाल डायरी प्रकरण से चर्चित हुए राजेंद्र सिंह गुढ़ा पिछले दिनों ही अपने गांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लाकर यह प्रयास कर रहे थे कि भाजपा उनके लिए खाली छोड़ दे। मगर भाजपा ने ऐसा नहीं किया। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक राजस्थान में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

## हादसे में युवक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरौंधा के पास बाइक सवार युवक सड़क में खड़ी गाय से टकरा जाने से घायल हो गया।

ये हादसा मंगलवार को अपरान्ह एक बजे हुआ। बताया गया कि सुरौंधा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाय को बचाने के फेर में बाइक सवार युवक संजय ठाकुर (35) पुत्र उदयवीर सिंह निवासी देऊंधा टकराकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। उल्लेखनीय है कि मऊ थाना क्षेत्र के सुरौंधा के पास आये दिन हादसे होते हैं। लोगों ने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र पर ब्रेकर एवं दिशा सूचक बोर्ड लगवाने की मांग की है।

## पुलिस-आबकारी ने छापेमारी कर नष्ट किया लहन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में मऊ पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गब्बर निषाद पुत्र भारत व रमाकांत पुत्र ठाकुरदीन निवासी सिलौटा के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब महुआ व तीन सौ किग्रा लहन व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया। आरोपियों के खिलाफ मऊ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही संदीप कुमार यादव व आबकारी टीम शामिल रही।

## बाल विवाह के खिलाफ मशाल लेकर जगाई अलख



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूरे देश में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 16 अक्टूबर को बाल विवाह मुक्त भारत दिवस पर गैर सरकारी संगठन जनकल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जिले में 20 इंटर कालेज से जागरूकता कार्यक्रम किये। इन कार्यों में पचास हजार महिलाओं व आम लोगों ने समर्थन किया।

मंगलवार को गांवों में अभियान के समर्थन में उतरे लोगों ने मशाल जुलूस व रैली तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम किये। सूरज ढलने के बाद विभिन्न लोगों ने मशाल लेकर लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि नए भारत में बाल विवाह की कोई जगह नहीं है। गांव में स्कूली बच्चों समेत समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। मार्च का मकसद गांव व कस्बों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करना था। इस दौरान विवाह समारोहों में सेवायें देने किसी में खाना बनाने वाले हलवाइयों, टेंट-कुर्सी लगाने वालों, फूलमाला आदि दुर्गा देवी व रामलीला मंचन में पति और मौलवी से भी लोगों को जागरूक करने का आवाहन किया। जन शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकरदयाल ने बाल विवाह वह अपराध है, जिसने सदियों से समाज को जकड़ रखा है। नागरिक समाज व उप्र सरकार ने राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है।

## पांच देशी बम समेत एक गिरफ्तार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा उमाशंकर यादव की टीम ने कुणाल त्रिपाठी पुत्र रामदेव त्रिपाठी निवासी अछरौड़ थाना मटौंध जिला बांदा हालमुकाम कुटी सांई मंदिर के पीछे कस्बा मौदहा जिला हमीरपुर के कब्जे से पांच देशी बम समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में सीतापुर चैकी के दरोगा उमाशंकर यादव व सिपाही अतुल परिहार शामिल रहे।

## छेड़छाड़ आरोपी को हुई दो वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन-मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व पैरोकार आकाश कुमार यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी से छेडछाड के आरोपी को दो वर्ष की सजा व 11 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

मंगलवार को सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने राजापुर थाने में दर्ज घर में घुसकर छेडछाड के आरोपी नानमुनि उर्फ मुन्ना पुत्र रामऔतार प्रजापति निवासी कुम्हारन पुरवा मजरा रायपुर को दो वर्ष की सजा व 11 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 26 अक्टूबर 2012 को एक गांव की वादिया ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि नानमुनि ने घर में घुसकर छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले को दर्जकर पूर्व दरोगा एमए खान ने विवेचना कर 27 अक्टूबर 2012 को आरोपी को गिरफ्तार किया। पांच नवम्बर 2012 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## गैंगेस्टर आरोपी को हुई छह साल की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के आदेश के पालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार वेदांत पाण्डेय ने गैंगेस्टर आरोपी को पांच वर्ष आठ माह बीस दिन की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया है। मंगलवार को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने पुलिस मुख्यालय से पैरवी को चिन्हित मानिकपुर थाने में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट आरोपी श्रीराम पुत्र किशनलाल पटेल निवासी नया पुरवा थाना नैनी जिला प्रयागराज को पांच वर्ष आठ माह बीस दिन की सजा व पांच हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 25 मार्च 2009 को पूर्व थानाध्यक्ष ब्रजभूषण दुबे ने मानिकपुर में श्रीराम के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पूर्व थानाध्यक्ष हरीशरण सिंह ने मामले की विवेचना कर 20 अगस्त 2011 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# गांव सभा की जमीनों से हटायें अवैध कब्जे: डीएम

## डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में कहा कि स्टाम्प, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य कर, मंडी, बांट माप, विद्युत आदि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत करें। बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली को भी बढ़ावा दें। तहसीलदार वसूली पर खासतौर पर ध्यान दें। उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों से कहा कि राजस्व वादों में दायरे अनुसार निस्तारण करायें। तालाब-पोखर व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को तत्काल खाली करायें। अविवादित वरासत का अभियान चलाकर निस्तारण करायें। समस्या होने पर नायब तहसीलदार, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी को सूचना दें। पुराने वादों का निस्तारण कर जो आख्या भेजें, स्पष्ट होनी चाहिए। गांव सभा की जमीनों पर किसी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। इस पर प्रभावी कार्यवाही करायें। धारा-67 के मामले उपजिलाधिकारी अपनी देखरेख में निस्तारण करें।



उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समेत जांचकर अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्यवाही करायें। किसी भी दशा में जिले में अवैध खनन नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा कर बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया जिन गांवों में हो रही है, शासन की मंशानुसार समयबद्ध ढंग से की जाये। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के दो मृतक आश्रितों के अशिमत कुमार सिंह लिपिक व असरान हुसैन कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र दिये। बैठक में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

बाक्स--------------------

### जिलाधिकारी के निर्देश बेअसर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द बैठकों में तकरीबन हर बार एसडीएम व तहसीलदार को गांवसभा के अवैध कब्जे हटाने के निर्देश तो देते हैं, लेकिन अवैध कब्जे हैं कि हटने का नाम नहीं ले रहे। तहसील मानिकपुर में अमचुर नेरुआ में गांवसभा की जमीन पर प्रधान प्रिया द्विवेदी के पति मनोज द्विवेदी मारकुण्डी-सतना मुख्य मार्ग पर भारी-भरकम स्थान पर अवैध कब्जा कर मकान बनाये हैं। इस पर एसडीएम कहते हैं कि धारा 67 के तहत मामला चल रहा है। ये मामला कब तक चलेगा या फिर चलता ही रहेगा, कभी खत्म नहीं होगा। ऐसे में प्रधान का अवैध कब्जा बरकरार रहेगा। इसी प्रकार से इटवा डुडैला में गांवसभा की पांच बीघा जमीन पर सूरजदीन अवैध कब्जा किये है। ऐसे लोगों से गांवसभा की जमीन पर अवैध कब्जे कब हटाये जायेंगे या फिर जिलाधिकारी निर्देश ही देते रहेंगे। अवैध कब्जेधारक दोनों से क्षेत्रीय लेखपाल की गलबहियां हैं। ऐसे में अवैध कब्जेधारक बेखौफी से गांवसभा की जमीन पर अवैध कब्जा किये हैं।

# मप्र समेत पांच राज्यों में खिलेगा कमल: स्वतंत्रदेव सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के भाजपा नेता/जलशक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कामदगिरि की परिक्रमा लगाने के बाद लोनिवि डाक बंगले में कहा कि मप्र समेत पांच राज्यों में भाजपा की जीत होगी।

मंगलवार को सूबे के कैबिनेट मंत्री/मप्र चुनाव प्रभारी स्वतंत्रदेव सिंह ने कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। रात्रि विश्राम लोनिवि डाक बंगले में करने के बाद पार्टी कार्यकताओं से भेंट की

। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, आनंद सिंह पटेल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, आलोक पांडेय, भागवत त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, हीरो मिश्रा, शिवपूजन गुप्ता, सुरेश अनुरागी, ब्रजेश पांडेय समेत दर्जनों भाजपाइयों से भेंट की। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष



अजीत सिंह ने फूल-मालाओं से कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा की जीत तय है। जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। सतना जिले में बूथ स्तर तक के कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुनावी जीत की रणनीति बनाई है। चुनाव तक वह पार्टी के निदेर्शानुसार सतना जिले में रहेंगे। डबल इंजन की सरकारों से जनता को दोहरे विकास का लाभ मिल रहा है। जनता को मोदी पर भरोसा है। इसी भरोसे से कमल खिलेगा। डाक बंगले में उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया।

## 19 को होगा निराकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में मंजूरी को भवन मानचित्रों के निस्तारण को प्राधिकरण ने मानचित्र समाधान दिवस 19 अक्टूबर को अपरान्ह एक बजे से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में निश्चित किया है। सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आकीर्टेक्ट की मौजूदगी में मानचित्र की आपत्तियों का निराकरण करा सकते हैं।

## दम्पति के विवाद को पुलिसने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पारिवारिक विवाद को समाप्त करा एक दम्पति में सुलह कर परिवार को टूटने से बचाया।

मंगलवार को पहाडी थाने के चैरा गांव हालमुकाम खम्हरिया जिला नागौद मप्र की श्रीमती शालिनी पुत्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने पति आशीष सिंह पुत्र जुगेन्द्र सिंह व सास-ससुर के मानसिक उत्पीडन व दहेज की मांग करने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने शिकायत को सुनकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को समझाते हुए भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक वीर प्रताप सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

# समता-मानवता की बात करता है बौद्ध धर्म: मान सिंह

## जीआईसी मैदान में हुई सभा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि बौद्ध धर्म के अनुयायी विश्व में पाये जाते हैं। आधा सैकडा देशों में बौद्ध धर्म प्रमुख धर्म है। इस धर्म का दार्शनिक पक्ष बेहद तार्किक एवं वैज्ञानिक है।

ये बात समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने जीआईसी मैदान में हुई सभा में कार्यक्रम के बतौर मुख्य संरक्षक कही। उन्होंने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बौद्ध धर्म समता व मानवता की बात करता है। ऊंच-नीच भेदभाव की व्यवस्था नहीं है। डॉ अम्बेडकर ने इस धर्म को अपनाया था। भारतीय संविधान से समता-




मानवता से सबको न्याय दिलाने व भेदभाव, छुआछूत मिटाने वाला धर्म है। आज इसे कमजोर किया जा रहा है। इसे खत्म करने की साजिश हो रही है। मनुवादी व्यवस्था लागू करने का मौजूदा सरकार प्रयास कर रही है। पटेल ने कहा कि ब्राम्हणवाद की जडें बहुत गहरी हैं। विषमता का कारण भी ब्राम्हणवाद है। सही मायने में जो ब्राम्हण धर्म है, उसे हिन्दू कहकर देश के दलितों, आदिवासियों व पिछडों को मकडजाल में फंसाने की साजिश है। हिन्दू धर्म होता तो दलितों, आदिवासियों व पिछडों का भी सम्मान होता।

उन्होंने सभा में कहा कि ब्राम्हण धर्म में केवल ब्राम्हणों का ही सम्मान है। क्षत्रिय, वैश्य या सूद्र सबको नीच कहा गया है। कोई दो फुट नीच हैं तो कोई तीन फुट। महिलाओं को भी नीच बताया है। सम्मेलन में प्रवक्ता सुभाष पटेल ने भी विचार रखे। इस मौके पर सपा नेता कैलाश प्रसाद बौद्ध समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन के कब्जे से अवैध शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

मंगलवार को राजापुर थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह ने सिपाही शुभम त्रिपाठी, जितेन्द्र मौर्या के साथ रवि सोनकर पुत्र सम्पत सोनकर निवासी छीबो रोड के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में मानिकपुर थाने के दरोगा अशोक कुमार सिंह ने सिपाही दुर्गेश व उमाशंकर के साथ फूलचन्द्र पुत्र रामखिलावन निवासी गढ़चपा के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही आभिषेक सिंह के साथ मुकेश पुत्र सुरेश निवासी मंडी समिति काकादेव जिला कानपुर को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# हादसे में दो बाइक सवारों की मौके पर मृत्यु ,परिजनों में मचा कोहराम, दोनों करते थे मजदूरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र में नेशनल हाईवे झांसी- मिजार्पुर राजमार्ग स्थित कालूपुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। दोनों बाइक सवारों की मौके पर मृत्यु हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।



ये हादसा मंगलवार को सवेरे आठ बजे हुआ। बताया गया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के मैदाना गांव के लक्ष्मण राजपूत व पप्पू यादव बाइक से मजदूरी करने कर्वी आ रहे थे। कालूपुर के पास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की पुलिया के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से मौके पर ही दोनों की मृत्यु हो गई। बाइक सवार दोनों आपस में मित्र थे। ट्रैफिक चैराहा मजदूरी करने बाइक से आ रहे थे। मजदूरी कर दोनों परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्रयागराज रोड से कर्वी की ओर दोनों मजदूर बाइक से आते समय कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही कार ने ठोकर मार दी। हादसे में कार पूरी तरह टूट गई है। इस बाबत कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने फोन से परिजनों को सूचना दी। मौके पर कार बरामद कर ली गई है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## दौलतमन्दों के सामने चेरी है नियम-कानून ,जिम्मेदार रहते खामोश, मातहत लूटते

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकारी कार्यालयों में कार्य कराने को लेकर आमजनता चक्कर काटने को मजबूर हैं। कोई भी आमजनता सरकारी कार्यालयों में कार्य को लेकर जाने पर विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाते देखे जाते हैं।

मंगलवार को चाहे तहसील हो या डीएम कार्यालय या अन्य कार्यालय हों। संबंधित कार्यालय से आमजनता को सिर्फ मायूसी मिल रही है। इनकी सुनवाई को बैठे जिम्मेदार नियमों का हवाला देकर बरगलाने से बाज नहीं आते। किसी व्यक्ति का कोई काम हो, जिम्मेदार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही का टैग लगाकर संबंधित को भेज देते हैं। भले ही प्रदेश के मुखिया ने सीएम हेल्पलाइन की स्थापना करा दी हो, लेकिन सीएम हेल्पलाइन में भी निराकरण में आमजनता कितनी संतुष्ट है, प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा। नियम-कानून तो विभागीय अधिकारियों के लिए मजाक बन चुके हैं। जिले में शायद ही कोई विभाग हो, जहां जनता के कार्य आसानी से होते हों। आमजनता जिस तरह सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रही है, अपने कार्य कराने को एक के बाद एक आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये जाते हैं। अधिकारी शिकायतों पर कितने संवेदनशील हैं, ये किसी से छुपा नहीं है। ग्राम पंचायत हो या नगर निगम या फिर राजस्व विभाग भ्रष्टाचार के मामले में कोई ये नहीं कह सकता कि यहां भ्रष्टाचार नहीं है। राजस्व विभाग में लेखपाल से लेकर अन्य कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से काम करें तो आमजनता को राहत मिल सकती है। जब जिले के जिम्मेदार लोग ही गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं तो मातहत को क्या कहें? आमजनता का शोषण कर उनसे आर्थिक लाभ की उम्मीद सभी लोग कर रहे हैं। पूंजीपतियों के कार्य तुरन्त हो जाते हैं। उन्हें अधिकारी अपने पास बैठाकर कार्य कर देते हैं। ऐसे में आमजनता सब कुछ देखते हुए कहती है कि पैसा ही सब कुछ है।

## नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा अधिकारियों की बीच बैठक, अपराध नियंत्रण सहयोग पर सहमति

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमा सुरक्षा अधिकारियों के बीच सीमा सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के मुद्दे पर सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है। विराटनगर में नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल और भारत की सशस्त्र सीमा बल के शीर्ष अधिकारियों के बीच यह बैठक आयोजित की गयी। नेपाल के गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों के बीच सीमा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में सहयोग करने पर सहमति बनी है। गृह मंत्रालय के द्वारा जारी बयान के मुताबिक बैठक में जहां सीमा क्षेत्र को निशाना बनाने वाले दोनों देशों की सुरक्षा संवेदनशीलता पर गंभीरता से चर्चा की गई, वहीं सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा अपराध नियंत्रण के लिए सहयोग और समन्वय को प्राथमिकता देने का वादा किया। नेपाल की ओर से कोशी प्रांत के सशस्त्र प्रहरी बल के प्रमुख डीआइजी अंजनी कुमार पोखरेल और भारत की ओर से सिलीगुड़ी स्थित एसएसबी के डीआईजी डीबी सोनार ने बैठक का नेतृत्व किया। बैठक में सीमा अपराध, अवैध गतिविधियां, सीमा शुल्क चोरी, सीमा पर अवांछित गतिविधियां, सीमा अतिक्रमण, नशीले पदार्थ, मानव तस्करी नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा की गई।



## सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर नेपाल प्रशासन हुआ सख्त

**पूर्वी चंपारण।** नेपाल से निकलकर भारतीय शहर रक्सौल होकर बहनेवाली सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर नेपाल प्रशासन ने एक बार फिर से सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। बीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह की अध्यक्षता में को वीरगंज जिला पुलिस प्रशासन व उधोगपतियों के साथ बैठक के बाद इसकी जानकारी देते मेयर ने बताया कि छठ पर्व के पूर्व सरिसवा नदी का प्रदूषण नहीं रुका तो नदी में बिना शोधन के रासायनिक अवयव व कचरा डालने वाले सभी इंडस्ट्री को सील कर समुचित कार्रवाई किया जायेगा। मेयर ने बताया कि पूर्व में सभी इंडस्ट्री को नोटिस भेज कर यह कहा गया था,कि बिना शोधन के नदी में उद्योग का कोई कचरा या पानी नही गिराया जाय, लेकिन अब भी कुछ इंडस्ट्री वाले इससे बाज नही आ रहे है,लेकिन अब ऐसा नही होगा। इन उद्योग को सील के साथ नियमानुसार उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में चिन्हित किये गये सरिसवा नदी के प्रदूषण का कारक इन उद्योग को ही माना जा रहा है,जो खेद की बात है। इसके पूर्व मेयर के नेतृत्व में एक टीम सरिसवा नदी प्रदूषण में मुख्य भूमिका निभाने वाले उन उद्योगों का भी निरीक्षण किया गया,और उन उद्योगों के प्रबंधकों को बुलाकर नदी में प्रदूषण रोकने के निर्देश दिये गये।साथ ही इन उद्योग की सतत निगरानी एवं मूल्यांकन रिपोर्ट महानगरपालिका को सौंपने की बात कही गयी।



## इस्राइल-हमास के बीच युद्धविराम की मांग वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में रात गाजा में जारी हिंसा पर लाए गए रूस का प्रस्ताव खारिज हो गया। दरअसल रूस के प्रस्ताव में गाजा में आम नागरिकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा करते हुए युद्धविराम की मांग की गई थी, लेकिन इसमें हमास या उसके द्वारा इस्राइली नागरिकों पर किए गए बर्बर हमले का जिक्र ही नहीं किया गया था। ऐसे में पश्चिमी देशों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पास होने के लिए 9 वोटों की जरूरत थी लेकिन प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ चार देशों ने मतदान किया। वहीं चार देशों ने इसके खिलाफ वोट दिया। रूसी प्रस्ताव के समर्थन में जिन देशों ने वोट किया, उनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात, मोजाम्बिक और गैबोन शामिल हैं। वहीं प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और फ्रांस शामिल हैं। छह अन्य देश मतदान में शामिल ही नहीं हुए। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को लगभग दो हफ्ते का समय बीत चुका है।

# हो ची मिन्ह में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन, जयशंकर ने कहा- वह राजनीतिक प्रेरणा हैं

**वियतनाम।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के हो ची मिन्ह में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने इस दौरान गांधी जी के योगदान का वर्णन भी किया।

**जयशंकर ने किया गांधी जी की प्रतिमा का उद्घाटन**

वियतनाम के हो ची मिन्ह के तानो दान पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक भी मौजूद थे। जयशंकर ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पर कहा, 'वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक के साथ उद्घाटन में भाग लेने का सौभाग्य मिला। हो ची मिन्ह सिटी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण बहुत महत्वपूर्ण है। यह स्वतंत्रता,





आत्मनिर्भरता और गरिमा को रेखांकित करता है और यही दोनों देशों को एक साथ लाता है।'

जयशंकर ने आगे कहा, 'महात्मा गांधी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा और स्वतंत्रता में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता दी गई है। उनके जन्मदिन दो अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया गया है।' महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए जयशंकर ने कहा कि वह (गांधी जी) न केवल राजनीतिक प्रेरणा के रूप में बल्कि कूटनीति रे प्रेरक के रूप में भी काम करते हैं। उन्होंने बताया साल 1958 में अपनी भारत यात्रा के दौरान वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि हम सभी क्रांतिकारी हो सकते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी महात्मा गांधी के शिष्य हैं।

# 'प्लीज, हमें इस नरक से निकाल लो', संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के कर्मचारियों ने लगाई गुहार

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इस्राइल का जवाबी हमला लगातार जारी है। ऐसे में, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के साथ फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाले कर्मचारी बेहद डरे हुए हैं। उन्होंने गाजा पट्टी में मौजूदा हालातों को नरक से भी बेकार बताया है। उन्होंने बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बुजुर्गों के लिए खाना, पानी और दवाओं की तत्काल आपूर्ति करने की अपील की है। फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) गाजा पट्टी में काम करने वाली सबसे बड़ी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है। यहां 13 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। इनमें शिक्षक, डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, वेयरहाउस कर्मचारी, तकनीशियन और ड्राइवर शामिल हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने गाजा में फलस्तीनी शरणार्थियों को लेकर



आपात अपील जारी की। कहा कि गाजा में हो रहे हमले का खामियाजा लाखों फलस्तीनी शरणार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। यूएनआरडब्ल्यूए की संचार निदेशक जूलियट टौमा ने गाजा में मानवीय स्थिति पर पत्रकारों से कहा कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र के हजारों कर्मचारी है। वो लोग डरे हुए हैं। वे चाहते हैं कि संघर्ष समाप्त हो जाए। टौमा ने आगे कहा, 'कर्मचारी कह रहे हैं कि वहां नरक जैसे हालात हैं। उन्हें जल्द वहां से बाहर निकाला जाए।' टौमा ने कहा कि हफ्तेभर से इस्राइल की घेराबंदी और बमबारी के बीच मिल रहे एसओएस मैसेज दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। इन मैसेजों को देखकर दिमाग खराब हो रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि निराशा बढ़ती जा रही है। हालात समय के साथ और खराब हो रहे हैं। यही हमारे कर्मचारी बता रहे हैं।' बता दें, सात अक्तूबर को फलस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने इस्राइली सीमा में घुसकर 1400 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। वहीं इस्राइल के जवाबी हमले में अब तक गाजा पट्टी में 2750 के करीब लोगों की जान जा चुकी है। अबतक गाजा से करीब 10 लाख फलस्तीनी विस्थापित हो गए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए गाजा पट्टी में काम करने वाले अपने 14 कर्मचारी को खो चुका है। 10 दिन पहले संघर्ष शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के साथ काम करने वाले कई अन्य कर्मचारी विस्थापित हो गए हैं।

## आईडीएफ का लेबनान के हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला, गाजा के आसपास लगातार सायरन की आवाजें

**वाशिंगटन।** इस्राइली वायु सेना (आईएएफ) ने गोलीबारी के जवाब में लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों और सैन्य ढांचों पर हमला किया है। इस बात की जानकारी इस्राइली वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। वायु सेना ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'थोड़ी देर पहले आईएएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों और सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है। सोमवार को इस्राइली रक्षा बल ने बताया कि लेबनान सीमा पर मौजूद कई सैन्य पोस्ट गोलीबारी की चपेट में आ गया।'

**पोस्ट कर गोलीबारी की जानकारी दी**

एक्स पर एक पोस्ट जारी करते हुए इस्राइली वायु सेना (आईडीएफ) ने बताया कि आईडीएफ टैंक की तरफ गोली दागे गए, जिसके जवाब में इस्राइल की तरफ से भी गोलीबारी की गई। गाजा के आसपास सायरन चलाया गया। लगातार 10 दिनों से इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले कर रहे हैं। एक अन्य पोस्ट पर आईडीएफ ने शुरा काउंसिल के अध्यक्ष ओसामा मजिनि के मौत की जानकारी देते हुए बताया कि हवाईहमले के दौरान मजिनी की मौत हो गई। आईडीएफ के अनुसार मजिनी इस्राइल के खिलाफ हमास के आतंकी गतिविधियों को निर्देशित करता था। इस्राइल ने सोमवार को लेबनान से सटे क्षेत्रों में रह रहे लोगों से जगह खाली करने को कहा। सभी लोगों को फिलहाल राज्य वित्त पोष्त गेस्ट हाउस में रखा गया है।

मीडिया सूत्रों के अनुसार लेबनान से सटे इस्राइली क्षेत्र में छह एंटी टैंक गाइडेड मिलाइलें दागी गई, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई। इसके अलावा भी नौ रॉकेट और दागे गए, जिसमें फिलहाल किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## हमास ने अगवा इस्राइली लड़की का जारी किया वीडियो, आईडीएफ बोली- आतंकी खुद को इंसान दिखा रहे

**गाजा पट्टी।** आतंकी संगठन हमास ने बीती सात अक्तूबर को जब इस्राइल की सीमा में घुसकर हमला किया था तो उसने कई इस्राइली और विदेशी नागरिकों को अगवा भी कर लिया था। अब हमास ने एक इस्राइली महिला का वीडियो जारी किया है। हमास की सैन्य शाखा इज्ज अद दीन-अल-कस्साम ब्रिगेड ने सोमवार को यह वीडियो जारी किया। वीडियो में इस्राइल-फ्रांस की दोहरी नागरिकता रखने वाली 21 साल की मिया शेम दिखाई दे रही है। वहीं इस वीडियो पर इस्राइली सेना ने कहा है कि आतंकी खुद को इंसान दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

**वीडियो में मिया ने कही ये बात**

वीडियो में दिख रहा है कि मिया के दोनों हाथों पर पट्टियां बंधी हैं और एक व्यक्ति, जिसका चेहरा नहीं दिख रहा है, मिया के हाथों पर पट्टी बांध रहा है। वीडियो में मिया कहती हैं कि 'ये लोग



उनका ध्यान रख रहे हैं और मेरा इलाज कर रहे हैं। सबकुछ ठीक है।' मिया ने कहा कि 'मैं बस ये चाहती हूं कि जितना जल्दी हो सके मैं अपने घर वापस चली जाऊं। कृप्या हमें यहां से बाहर निकालें।' बता दें कि हमास के आतंकियों ने बीते दिनों इस्राइल के सेडरोट शहर से मिया समेत कई लोगों का अपहरण किया था। मिया गाजा सीमा के नजदीक सुकुट संगीत समारोह में शिरकत करने किबुत्ज रीम गई थी। वहीं से हमास के लोगों ने मिया को अगवा कर लिया था।

**'आतंकी खुद को इंसान दिखा रहे'**

वहीं इस वीडियो पर इस्राइली सेना ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें आईडीएफ ने लिखा है कि 'बीते हफ्ते मिया को अगवा किया गया था। आईडीएफ ने इसकी जानकारी मिया के परिवार को दे दी थी और वह लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में है। हमास द्वारा साझा की गई वीडियो अपने आप को इंसान दिखाने की कोशिश है।

जबकि वह खूंखार आतंकी संगठन है और वही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की हत्या और उनके अपहरण के लिए जिम्मेदार है। आईडीएफ ने कहा कि वह मिया समेत सभी अगवा लोगों को वापस लाने के लिए अपने खुफिया ऑपरेशन चला रही है।'

## 'गाजा पट्टी में जमीनी हमले की धमकी हमें डरा नहीं सकती', हमास की इस्राइल को चेतावनी

**यरूशलम।** इस्राइल-हमास युद्ध में अबतक करीबन 1400 इस्राइली नागरिकों की मौत हो चुकी है। हमास के हमले के बाद इस्राइल लगातार गाजा पट्टी पर हमला कर रहा है। हालांकि, इस्राइल के गाजा पट्टी में जमीनी हमले की धमकी पर हमास के प्रवक्ता अबु ओबेदेह ने प्रतिक्रिया दी है। ओबेदेह ने चेतावनी देते हुए कहा, 'इस्राइल का गाजा पट्टी में जमीनी हमले की धमकी हमें डरा नहीं सकती। हम इसके लिए तैयार है।' एक टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में उन्होंने कहा, 'एजेदीन अल कसम ब्रिगेड ने सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमले के बाद 200नागरिकों को बंधक बना



लिया था। उन्होंने आगे कहा, हमारे लोगों के खिलाफ जमीनी हमले की धमकी हमें नहीं डरा सकती। हम इसके लिए तैयार हैं।' हमास द्वारा बंधक बनाए गए इस्राइली नागरिकों पर सेना के प्रवक्ता डेनियल हगड़ी ने कहा, 'गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए 199 लोगों के परिजनों की पुष्टि की जा चुकी है।' वहीं बंधक बनाए गए विदेशी नागरिकों के लिए जारी बयान में अबु ओबेदेह ने कहा कि परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर विदेशी नागरिकों को रिहा कर दिया जाएगा। गाजा पट्टी पर इस्राइल द्वारा हमले के बाद 22 बंधकों की मौत हो चुकी है।


# आईडीएफ का लेबनान के हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला, गाजा के आसपास लगातार सायरन की आवाजें


**काठमांडू।** इस्राइली वायु सेना (आईएएफ) ने गोलीबारी के जवाब में लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों और सैन्य ढांचों पर हमला किया है। इस बात की जानकारी इस्राइली वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है।

वायु सेना ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'थोड़ी देर पहले आईएएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


एक्स पर एक पोस्ट जारी करते हुए इस्राइली वायु सेना (आईडीएफ) ने बताया कि



आईडीएफ टैंक की तरफ गोली दागे गए, जिसके जवाब में इस्राइल की तरफ से भी गोलीबारी की गई। गाजा के आसपास सायरन चलाया गया। लगातार 10 दिनों से इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले कर रहे हैं। एक अन्य पोस्ट पर आईडीएफ ने शुरा काउंसिल के अध्यक्ष ओसामा मजिनि के मौत की जानकारी देते हुए बताया कि हवाईहमले के दौरान मजिनी की मौत हो गई। आईडीएफ के अनुसार मजिनी इस्राइल के खिलाफ हमास के आतंकी गतिविधियों को निर्देशित करता था। इस्राइल ने लेबनान से सटे क्षेत्रों में रह रहे लोगों से जगह खाली करने को कहा। सभी लोगों को फिलहाल राज्य वित्त पोष्त गेस्ट हाउस में रखा गया है।

मीडिया सूत्रों के अनुसार लेबनान से सटे इस्राइली क्षेत्र में छह एंटी टैंक गाइडेड मिलाइलें दागी गई, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई। इसके अलावा भी नौ रॉकेट और दागे गए, जिसमें फिलहाल किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी

# लाखों लोग रोज छोड़ रहे हैं काठमांडू

**काठमांडू।** प्रत्येक दिन लाखों लोग काठमांडू छोड़कर बाहर जा रहे हैं। जहां पिछले दो दिनों में तीन लाख से अधिक लोग काठमांडू से बाहर चले गए वहीं सिर्फ सोमवार को रात दस बजे तक करीब ढाई लाख लोग राजधानी से बाहर जा चुके हैं। एक अनुमान के मुताबिक अगले हफ्ते तक पच्चीस लाख लोगों के काठमांडू से बाहर जाने का अनुमान है। आखिर क्यों लाखों लोग रोज काठमांडू से बाहर जा रहे हैं ? दरअसल नेपाल का सबसे बड़ा त्योहार शुरू हो गया है। देश में सबसे अधिक दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व शुरू होने के साथ काठमांडू छोडने वालों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही। देश में सबसे लम्बे समय तक अवकाश वाला यह पर्व शुरू होते ही काठमांडू में रहने वाले लाखों लोग अपने-अपने गांव, अपने शहर वापस जाते हैं। नवरात्र को नेपाल में बड़ा दशैं के नाम से जाना जाता



है। नेपाल में दशहरा का पर्व मनाने का अपना ही तरीका है। नेपाल के स्कूल कॉलेजों में दशहरा के घटस्थापना से शुरू होने वाला अवकाश छठ पर्व के बाद ही खुलता है। सामान्य रूप से जो घटस्थापना के बाद सभी निजी दफ्तर, उद्योग कल कारखाने घटस्थापना से लेकर पूर्णिमा के दिन तक बन्द रहता है। नेपाल के सरकारी दफ्तर और बैंक भी सप्तमी जिसे नेपाल में फूलपाती के नाम से जाना जाता है उस दिन से बन्द होकर पूर्णिमा के अगले दिन ही खुलता है। अतिआवश्यक अस्पताल जैसी जगहों पर भी इमरजेंसी के अलावा सभी सेवाएं सप्तमी से पूर्णिमा तक बन्द रहता है। इतनी लम्बी छुट्टी होने के कारण ही काठमांडू में रहने वाले या काम करने वाले लोग अपने गांव अपने जिला को लौट जाते हैं। इनमें से कुछ विदेशों की सैर पर जाते हैं तो कुछ अपने पारिवारिक सदस्यों के यहां छुट्टियां मनाते जाते हैं। काठमांडू उपत्यका ट्राफिक पुलिस के मुताबिक पिछले दो दिनों में ही तीन लाख से अधिक लोग काठमांडू छोड़ चुके हैं। काठमांडू ट्राफिक पुलिस के प्रवक्ता एसएसपी राजेन्द्र भट्ट ने कहा कि शनिवार-रविवार को ही सिर्फ तीन लाख पचास हजार लोग काठमांडू से बाहर जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र के दूसरे दिन रात दस बजे तक ढाई लाख लोग काठमांडू से बाहर निकल चुके हैं और अभी रात भर यह सिलसिला जारी रहेगा।

एक अनुमान के मुताबिक सप्तमी तक कुल पचीस लाख लोगों के काठमांडू से बाहर जाने का अनुमान है। सप्तमी के बाद पूर्णिमा तक सार्वजनिक यातायात बहुत ही कम चलता है इसलिए लोग उस दिन तक काठमांडू से बाहर निकल जाते हैं। सप्तमी से पूर्णिमा तक काठमांडू की सडकें सुनसान रहती है। मुख्य बाजार की सभी दुकानें, मॉल, सिनेमाघर आदि सभी बन्द रहता है। जो काठमांडू के मूल निवासी हैं जो ललितपुर और भक्तपुर में रहते हैं वो ही काठमांडू में दिखाई देते हैं। सारे होटल और रेस्टोरेंट भी बन्द रहते हैं क्योंकि होटलों के स्टाफ भी छुट्टियों में अपने गांव चले जाते हैं। बाहर से आने वाले पर्यटकों को सप्तमी से लेकर पूर्णिमा तक काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। काठमांडू की सड़कों पर सार्वजनिक यातायात की सुविधा भी नहीं रहती है। सप्तमी से पूर्णिमा तक काठमांडू में कर्फ्यू जैसा माहौल रहता है।

## कैट को इस शादी सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली।** इस वर्ष 23 नवंबर देव उठान एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा। दिल्ली सहित देशभर के व्यापारी शादियों के सीजन में बड़ी बिक्री की तैयारी में जुट गए हैं। इस सीजन में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होने की संभावना है, जिससे 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेंडर्स (कैट) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस वर्ष 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच चलने वाले शादी के सीजन में करीब 35 लाख शादियां संपन्न होने का अनुमान है। कैट के मुताबिक शादी से संबंधित सामानों की खरीद से इस दौरान 4.25 लाख करोड़ रुपये का खर्च होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी ने हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे में अकेले दिल्ली में इस सीजन में 3.5 लाख से अधिक शादियां होने का अनुमान लगाया है, जिससे दिल्ली में करीब एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था।खंडेलवाल ने बताया कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख रुपये, 12 लाख शादियों में प्रति शादी 10 लाख रुपये खर्च होंगे। 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख रुपये खर्च होंगे, जबकि 50 हजार शादियां ऐसी होंगी, जिनमें एक करोड़ या उससे ज्यादा पैसे खर्च होंगे। इस तरह कुल मिलाकर इस एक महीने तक चलने वाले शादी के सीजन में बाजारों में शादी के समानों की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा।